मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉरिडोर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाये। जो भी प्रतिमाएं मूर्तिकारों द्वारा बनाई जा रही हैं, उनकी भाव-भंगिमाओं पर विशेष ध्यान दें।

संग्रहित लघु वनोपज की निर्वर्तन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए - वन मंत्री

वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह भोपाल में वनोपज अंतर्विभागीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वनोपज अंतर्विभागीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संग्रहित लघु वनोपज के निर्वर्तन प्रक्रिया को सरलीकृत बनाया जाए। इससे राज्य लघु वनोपज की आय में वृद्धि होने के साथ इस कार्य में जुड़े गरीब तबके को फायदा मिल सकेगा।

जिला स्तर पर होगी वनोपज की नीलामी प्रक्रिया

डॉ. शाह ने निर्देश दिए कि संग्रहित लघु वनोपज की नीलामी प्रक्रिया में जिला स्तर पर अधिकार प्रत्यायोजित किए जाएं, जिससे लघु वनोपज की नीलामी प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी की जा सके।

राज्य लघु वनोपज के प्रबंध संचालक श्री पुष्कर सिंह ने बताया कि केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के भारतीय जनजाति सहकारी विपणन विकास संघ द्वारा प्रायोजित 'न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना' में प्रदेश में लघु वनोपज का संग्रहण कार्य किया जा रहा है। अभी तक 32 लघु वनोपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए जा चुके हैं।

लघु वनोपज के 2 नए उत्पाद परीक्षण के बाद होंगे लॉन्च

वन मंत्री ने मध्यप्रदेश लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र बरखेड़ा पठानी द्वारा तैयार किए जा रहे कोल्ड ड्रिंग्स, मधु कोला और जम्मू कोला के सैम्पल को बहुत अच्छा बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि इस नए उत्पाद के परीक्षण के बाद व्यापक स्तर पर एक कार्यशाला आयोजित की जाए। वन मंत्री ने कहा कि इन दोनों उत्पाद की विश्वसनीयता का परीक्षण और अन्य प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद उत्पादों को लॉन्च किया जाए।

बैठक में बताया गया कि इन दोनों उत्पाद को मार्केट में लॉन्च किए जाने से इसका विपणन शीर्ष स्तर पर पहुंचेगा। प्रमुख सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री आर.के. गुप्ता सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में

खंडवा, धार, खरगौन, बुरहानपुर, झाबुआ, बड़वानी तथा अलीराजपुर जिलों में एजेंसी नियुक्त करना है।

संपर्क करें

9425625746, 9424442725

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सम-सामायिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम

40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011

फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006

www.mpmadhyam.in

madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

संजय रामभद्रन

ह्यूस्टन मेट्रो के अगले चेयरमैन होंगे

भारतवंशी अमेरिकी इंजीनियर संजय रामभद्रन को

हैरिस काउंटी मेट्रोपोलिटीन ट्रांजिट अथॉरिटी का अगला चेयरमैन नामित किया गया है। अमेरिका के टेक्सास प्रांत स्थित एक बड़ी सार्वजनिक परिवहन एजेंसी का नेतृत्व करने वाले वह भारतवंशी समुदाय के पहले व्यक्ति होंगे। बिट्स पिलानी से इंजीनियरिंग में स्नातक करने के बाद 51 वर्षीय रामभद्रन टेक्सास ए. एंड एम. यूनिवर्सिटी आये। 2015 से वह मेट्रो बोर्ड में सेवाएं दे रहे हैं और वर्तमान में कैपिटल एंड स्ट्रैटजिक प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन हैं।

जॉर्डन में

मिला 9 हजार वर्ष पुराना मंदिर

जॉर्डन के पूर्वी रेगिस्तान में एक दूरस्थ नवपाषाण स्थल



पर खुदाई में 9 हजार वर्ष प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। जॉर्डन और फ्रांसीसी पुरातत्वविदों की टीम संयुक्त रूप से स्थल की खुदाई कर रहे हैं। इस स्थल को रेगिस्तान काइट्स नाम से भी जाना जाता है। पत्थरों पर आकृतियां बनी हुई हैं। इसे एक महत्वपूर्ण खोज के रूप में माना जा रहा है।

स्कॉटलैंड में

टेरोसोर का जीवाश्म मिला

स्कॉटलैंड के एक द्वीप पर विज्ञानिकों को टेरोसोर का



दुर्लभ जीवाश्म मिला है। यह टेरोसोर का ऐसा प्रकार है, जिसके बारे में पहले जानकारी नहीं थी। स्कॉटलैंड के पश्चिमी तट पर यह जीवाश्म पाया गया है। टेरोसोर पृथ्वी पर उड़ने वाले रीढ़ वाले जीव थे। 17 करोड़ साल पहले ये धरती पर पाये जाते थे। शोधकर्ता नतालिया जागिस्का के अनुसार अब तक टेरोसोर के जीवाश्म आमतौर पर ब्राजील और चीन की कुछ चट्टानों में ही पाये गये हैं।

भीलवाड़ा

पहाड़ी काटकर 40 किलोमीटर की राह 2 किलोमीटर में बदली

राजस्थान में भीलवाड़ा के कालीखोल गांव के लोगों ने

अपना रास्ता खुद बनाया है। उन्होंने पहाड़ काटकर राह बना दी। जिससे 40 किलोमीटर का रास्ता महज दो किलोमीटर का रह गया है। इस दुर्गम पहाड़ी को तोड़ने में बरसों लग गये। गांव के लोगों ने बिहार के माउंटनमैन दशरथ मांझी की तर्ज पर इस कार्य को अंजाम दिया।

रिक्रिएशनल व्हीकल

दुनिया का सबसे महंगा, कीमत 23 करोड़ रुपये

ऑस्ट्रिया की लग्जरी व्हीकल बनाने वाली कंपनी मारची मोबाइल का एलीमेंट पलाजो नामक वाहन दुनिया का सबसे महंगा रिक्रिएशन व्हीकल बताया जा रहा है।

लगभग 23 करोड़ की इस डबल स्टोरी बस को 6 सिलेंडर इंजन वाले वॉल्वो ट्रक के चेसिस पर बनाया गया है। इसमें दुनिया के तमाम लग्जरी ऐशो-आराम के साधन मौजूद हैं। इस बस को साइड से और बढ़ाकर 68 फीट का एक अतिरिक्त रूम बनाया जा सकता है। इसकी छत पर एक पॉप-अप नाइट क्लब भी है।

नागरत्नम्मा ने

62 की उम्र में सरपट रोप क्लाइबिंग की

कर्नाटक की 62 वर्षीय नागरत्नम्मा ने 16 फरवरी,

2022 को सहयाद्री पर्वत श्रृंखला की सबसे कठिन चोटियों में से एक अगस्त्या कुंडम पर रोप क्लाइबिंग की। उन्होंने कहा कि उनकी शादी को 40 साल हो गये। अब वे पारिवारिक दायित्वों से मुक्त होकर अपने शौक और सपनों को पूरा करना चाहती हैं। उन्हें योग, कसरत और पैदल चलने का शौक है।

हाइब्री ट्रेन

हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का जल्द होगा ट्रायल

ईस्ट जापान रेलवे हाइड्रोजन से चलने वाली जापान की

पहली ट्रेन का ट्रायल मार्च में शुरू करने जा रहा है। जापान की सबसे बड़ी रेलवे कंपनी ने इस ट्रेन को 'हाइब्री' नाम दिया है। दो बोगियों वाली इस ट्रेन को तैयार करने की लागत करीब 216 करोड़ रुपये रही। एक बार हाइड्रोजन भरने पर यह अधिकतम 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से 140 किलोमीटर तक चल सकेगी। ईस्ट जापान रेलवे ने यह ट्रेन टोयोटा मोटर कॉर्प और हिताची के साथ पार्टनरशिप के तहत तैयार की है।

रेयांश सुरानी

दुनिया के सबसे छोटे योग प्रशिक्षक बने

भारत के रेयांश सुरानी ने दुनिया का सबसे कम उम्र के

योग शिक्षक बनने का रिकॉर्ड बनाया है। महज 9 वर्ष के रेयांश दुबई में रहते हैं। उन्होंने 4 साल की उम्र में अपने माता-पिता के साथ योग प्रशिक्षण की शुरुआत की। रेयांश ने 27 जुलाई, 2021 को आनंद शेखर योग स्कूल से 200 घंटे का योग शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा करने का सर्टिफिकेट हासिल किया है। रेयांश का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

आर्डवार्क

90 वर्ष बाद ब्रिटेन में जन्मा

ब्रिटेन के चेस्टर चिड़ियाघर में 90 साल बाद एक

आर्डवार्क का जन्म हुआ है। जन्म लेने वाला आर्डवार्क फीमेल है। इसका नाम हैरी पॉटर सीरीज के कैरेक्टर डॉबी के नाम पर रखा गया है। ज्ञात रहे कि आर्डवार्क अफ्रीका में पाये जाते हैं। जहां कृषि विकास के परिणामस्वरूप उनके आवास नष्ट होते जा रहे हैं। आर्डवार्क के बड़े झुके हुये कान, बिना बालों वाली झुर्रीदार त्वचा और बड़े पंजे हैं। यूरोप के चिड़िया घरों में केवल 66 और दुनियाभर के चिड़िया घरों में महज 109 आर्डवार्क बचे हैं। आर्डवार्क की जीभ 25 सेंटीमीटर तक लंबी होती है। ये नाक्टर्नल एनिमल चीटियों और दीमकों को खोज निकालने के लिए अपनी लंबी नाक और सूंघने शक्ति का इस्तेमाल करते हैं।

म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर

दुबई में दर्शकों के लिये खुला

दुबई के शेख जायद रोड के किनारे अरबी सुलेख से

सजी शानदार इमारत 'म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर' का हाल ही में समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद इस म्यूजियम को दर्शकों के लिये खोल दिया गया है। म्यूजियम की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार म्यूजियम का हर फ्लोर 'फ्यूचरिस्टिक' फिल्मों के सेट की तरह है। म्यूजियम वर्चुअल रियलिटी, ऑगुमेंटेड रियलिटी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की नवीनतम तकनीकों से संचालित होगा।

राकेश गंगवाल

इंडिगो के को-फाउंडर ने दिया इस्तीफा

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के को-



फाउंडर और डायरेक्टर राकेश गंगवाल ने कंपनी के बोर्ड से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि कंपनी के एमडी से हुई तकरार के बाद उन्होंने यह कदम उठाया है। गंगवाल ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि वह अगले 5 साल में इंडिगो में इक्विटी हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम करेंगे। गंगवाल और उनके परिवार की इंडिगो में करीब 36.61 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

बिमलेश लोकब

रॉयल सोसायटी ऑफ कैमेस्ट्री की फैलो बनीं

रॉयल सोसायटी ऑफ कैमेस्ट्री ने बिमलेश लोकब को

अपना फैलो नियुक्त किया है। इस पद पर पहुंचने वाली वह दूसरी भारतीय महिला वैज्ञानिक हैं। बिमलेश वर्तमान में दिल्ली एनसीआर की शिव नादर यूनिवर्सिटी के कैमेस्ट्री विभाग में प्रोफेसर हैं। वह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर चुकी हैं। उन्होंने अपना ज्यादातर रिसर्च वर्क ग्रीन कैमेस्ट्री पर किया।

इजरायल में

स्ट्रॉबेरी ने बनाया रिकॉर्ड

इजरायल के कदीमा-जोरान के किसान एरियल चाही ने

289 ग्राम की सिर्फ एक एस्ट्रॉबेरी उगाई है। यह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दुनिया की सबसे भारी स्ट्रॉबेरी के रूप में दर्ज हुई है। इलान किस्म की यह स्ट्रॉबेरी 18 सेन्टीमीटर लंबी और 4 सेन्टीमीटर मोटी है। देखने में इसका आकार विशालकाय कटहल की तरह है। हालांकि इसकी ऊपरी परत नरम और चमकीली है।

गोल्ड कॉइन

एक किलोग्राम का सिक्का होगा नीलाम

ब्रिटेन की रॉयल मिंट दुर्लभ पैटर्न का एक किलोग्राम का

खास गोल्ड कॉइन नीलाम करने जा रही है। कॉइन में महारानी विक्टोरिया की शेर के साथ तस्वीर उकेरी गई है। नीलामी में इस सिक्के के 3 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद की जा रही है। संग्रहकर्ताओं के लिये ऐसे सिक्के अहम होते हैं।

हैदराबाद में

देश का पहला मीडिएशन सेंटर शुरू

देश के पहले इंटरनेशनल एंड मीडिएशन सेंटर (आईएएमसी) का सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना और तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के. चंद्रशेखर राव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। 25 हजार वर्गफीट क्षेत्रफल में बने इस अस्थायी सेंटर में वार्ता और मध्यस्थता के जरिये कानूनी मामले निपटाए जायेंगे। अभी तक भारत समेत सभी क्षेत्रीय देशों और

आमजनों के उलझे हुए कानूनी मामले सिंगापुर और ब्रिटेन के मध्यस्थता केंद्रों में सुलझाए जाते थे, लेकिन हैदराबाद के इस मीडिएशन सेंटर के शुरू हो जाने से अब मध्यस्थता की प्रक्रिया यहीं पर चलाई जा सकेगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री राव ने इस प्रतिष्ठित संस्था की स्थापना के लिए हैदराबाद को चुने जाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का आभार जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने हैदराबाद में सेंटर के लिए जल्द ही भूमि आवंटित किए जाने की घोषणा की। उस भूमि पर मीडिएशन सेंटर का भवन बनाया जायेगा।

स्मृति शेष

मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री केपीएसी ललिता का निधन

मलयालम फिल्मों की सुपरस्टार केपीएसी

ललिता का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। केरल पीपुल्स आर्ट क्लब में कार्य करने के दौरान ही उन्हें केपीएसी ललिता नाम मिला था। उन्होंने 550 से अधिक फिल्मों में काम किया था। उन्हें 2 राष्ट्रीय और 4 स्टेट फिल्म अवॉर्ड मिले थे। 2016 में उन्हें केरल संगीत नाटक अकादमी का चेयरपर्सन बनाया गया था।

यामाना भाषा बोलने वाली विश्व की इकलौती महिला क्रिस्टीना का निधन

दक्षिण अमेरिकी देश चिली से जुड़ी एक प्राचीन

भाषा बोलने वाली दुनिया की इकलौती महिला क्रिस्टीना काल्डेरोन का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें आदिवासी यगान समुदाय की यामाना भाषा में महारत हासिल थी। 2003 में उनकी बहन की मृत्यु के बाद वे ही ऐसी शख्स थीं, जो यह भाषा बोल सकती थीं। उन्होंने इस भाषा का एक शब्दकोष भी तैयार किया था। माना जा रहा है कि अब दुनिया में इस भाषा को बोलने वाला कोई भी शख्स नहीं है।

पद्मश्री प्राप्त गांधीवादी शकुंतला चौधरी का निधन

असम की जानी-मानी गांधीवादी 102 वर्षीय

पद्मश्री शकुंतला चौधरी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। गुवाहाटी के सरानिया पहाड़ी स्थित आश्रम में वे पिछले कई वर्षों से निवासरत थीं। उन्हें इसी वर्ष पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उनके निधन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शोक प्रकट करते हुये कहा कि वह अपने गांधीवादी मूल्यों के लिये याद की जायेंगी।

पूर्व भारतीय कोच अकरामोव का निधन

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच रुस्तम



अकरामोव का उज्बेकिस्तान में 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अकरामोव के मार्गदर्शन में 1995 में दिग्गज फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया ने अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया था और टीम ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग हासिल की थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आप प्यार करते हो परिवार से, कोरोना डरता वैक्सीन की मार से।

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी

विषय - कम्प्यूटर

1. इंटरनेट है?
A. कम्प्यूटर पर आधारित सूचनाओं का तंत्र
B. समुद्र में मछली पकड़ने का जाल
C. मेलों का लेखा-जोखा
D. डाटाबेस
Ans. A

2. सबसे ज्यादा प्रयोग की जाने वाली इनपुट डिवाइस कौन सी है?
A. मदर बोर्ड B. सीपीयू
C. सेमीकण्डक्टर D. की-बोर्ड
Ans. D

3. प्रिन्टर किस प्रकार की डिवाइस है?
A. आउटपुट B. इनपुट
C. प्रोसेसर D. सॉफ्टवेयर
Ans. A

4. ई-मेल किसे कहते हैं?
A. इलेक्ट्रिकल मेल
B. इलेक्ट्रॉनिक मेल
C. इलास्टिक मेल
D. कोई नही
Ans. B

5. इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर का आविष्कार किसने किया?
A. ए.एम. टूरिंग
B. कार्ल बेंज
C. टी.ए. एडीसन
D. एडवर्ड टेलर
Ans. A

6. प्रथम भारतीय सम्प्रेषण सेटेलाइट एप्पल कब छोड़ा गया?
A. 1981 B. 1982
C. 1983 D. 1984
Ans. A

7. स्पैम (Spam) किस विषय से सम्बन्धित है?
A. कम्प्यूटर B. कला
C. संगीत D. खेल
Ans. A

8. वर्तमान में सूचना एवं प्रसारण मंत्री (केंद्रीय) कौन हैं?
A. अनुराग ठाकुर
B. नरेन्द्र मोदी
C. रविशंकर प्रसाद
D. राज्यवर्धन सिंह राठौर
Ans. A

9. निम्न में से कौन एक यंत्र सामग्री नहीं है?
A. प्रिंटर B. प्रचालन तंत्र
C. की-बोर्ड D. माउस
Ans. B

10. एमएस वर्ड प्रयोग किया जाता है?
A. चित्र डाटा संशोधन हेतु
B. संख्यात्मक डाटा हेतु
C. रेखाचित्र संशोधन हेतु
D. पद्यांश डाटा संशोधन हेतु
Ans. D

11. एक पेन ड्राइव है?
A. एक स्थिर द्वितीय भंडारण एकक
B. एक चुम्बकीय भंडारण एकक
C. एक हटाये जाने वाली द्वितीय भंडारण एकक
D. कोई नहीं
Ans. C

12. जीआईएफ का आशय है?
A. जियोग्राफिकल इमेज फॉर्मेट
B. ग्लोबल इमेज फॉर्मेट
C. ग्राफिकल इंटरचेंज फॉर्मेट
D. ग्राफिक्स इंटरचेंज फॉर्मेट
Ans. D

13. एम बी प्रयोग किया जाता है?
A. मैग्नेटिक बिट्स के लिए
B. मेगा बाइट्स के लिए
C. मेगा बिट्स के लिए
D. कोई नहीं
Ans. B

14. मूल निवेश निर्गम प्रणाली कम्प्यूटर में विद्यमान रहती है?
A. हार्ड डिस्क में
B. आरएएम में
C. आरओएम में
D. कहीं नहीं
Ans. B

15. सीपीयू का पूरा नाम है?
A. सेन्ट्रल प्लेस यूनिट
B. केन्द्रीय पुलिस यूनिट
C. सेंट्रल प्रोविंस यूनिट
D. सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट
Ans. D

16. आईसी चिपों का निर्माण किया जाता है?
A. फाइबर से
B. सेमीकण्डक्टर से
C. प्लास्टिक से
D. कोई नहीं
Ans. B

17. WWW का पूरा नाम क्या है?
A. वर्ड्स वर्ड्स वर्ड्स
B. वाइड वर्ल्ड वर्ड्स
C. व्हेन व्हैर व्हाई
D. वर्ल्ड वाइड वेब
Ans. D

18. एक किलोबाइट बराबर होता है?
A. 1024 बाइट्स
B. 1008 बाइट्स
C. 1042 बाइट्स
D. 1 किलोग्राम बाइट्स
Ans. A

19. याहू, गूगल एवं एमएसएन हैं?
A. स्विट्जरलैण्ड में बनने वाली घड़ी
B. कम्प्यूटर ब्रांड
C. इन्टरनेट साइट्स
D. शनि ग्रह के उपग्रह
Ans. C

20. एएलयू से आशय है?
A. एलजेब्रिक लॉजिक यूनिट
B. एलजेब्रिक लोकल यूनिट
C. अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट
D. अरिथमेटिक लोकल यूनिट
Ans. C

21. निम्न में से कौन-सा एक कम्प्यूटर पद नहीं है?
A. बाइनरी कोड B. एनालॉग
C. चिप D. मोड
Ans. B

22. RAM का पूरा नाम क्या है?
A. रीसेन्ट मेमोरी
B. रीड एण्ड मेमोरी
C. रैण्डम एक्सेस मेमोरी
D. रिकाल आल मेमोरी
Ans. C

23. वैज्ञानिक कम्प्यूटर की भाषा कैसी है?
A. सी B. एचटीएमएल
C. फोरट्रान D. जावा
Ans. C

24. अन्तरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र श्री हरिकोटा कहां पर है?
A. आंध्रप्रदेश B. मध्यप्रदेश
C. हरियाणा D. तमिलनाडु
Ans. A

25. सुपर कम्प्यूटर के लिए शब्द लम्बाई की परास होती है?
A. 16 बिट तक B. 32 बिट तक
C. 64 बिट तक D. 128 बिट तक
Ans. C

26. कम्प्यूटर शब्द कोश में CD अक्षर का क्या मतलब है?
A. कंप्रेस्ड डिस्क
B. कंप्रेस्ड डाटा
C. कॉम्पैक्ट डिस्क
D. कम्प्यूटराइज्ड डाटा
Ans. C

27. बाइनरी कोड में संख्या 7 लिखी जाती है?
A. 110 B. 111
C. 101 D. 100
Ans. B

28. भारत में सुपर कम्प्यूटर परम का निर्माण कहां किया गया था?
A. चेन्नई में B. पुणे में
C. दिल्ली में D. अहमदाबाद में
Ans. B

29. हैकिंग से आप क्या समझते हैं?
A. सर्चिंग B. डाटा चोरी
C. डाटा संकलन D. सिक्योरिटी
Ans. B

30. सिरिशा बांदला कौन है?
A. एक देवी
B. एक खगोल यात्री
C. एक अंतरिक्ष यात्री
D. एक गणितज्ञ
Ans. C

31. इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिग कहां पर है?
A. देहरादून में B. दिल्ली में
C. भोपाल में D. इंदौर में
Ans. A

32. इंद्र है?
A. प्रक्षेपास्त्र
B. चालक रहित विमान
C. रडार
D. टैंक
Ans. C

- देवेश पांडेय
(लेखक, अतिथि सहायक प्राध्यापक दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धि पत्र क्रमांक 03/10-11/2021, दिनांक 24.02.2022

राज्य सेवा परीक्षा 2021/राज्य वन सेवा परीक्षा 2021

राज्य वन सेवा परीक्षा की अर्हता में संशोधन तथा ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि में वृद्धि की सूचना

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11.03.2022

01 आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक पदों की पूर्ति हेतु "राज्य सेवा परीक्षा 2021" का विज्ञापन क्रमांक 10/2022, दिनांक 22.12.2021 तथा "राज्य वन सेवा परीक्षा 2021" का विज्ञापन क्रमांक 11/2022 दिनांक 22.12.2021 आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** पर जारी किया गया है।

02 उक्त विज्ञापन में राज्य वन सेवा के लिए विज्ञापित पदों की **शैक्षणिक अर्हता** निम्नानुसार विज्ञापित है :-

सहायक वन संरक्षक :
अभ्यर्थी किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से निम्न विषयों में से कम से कम एक के साथ विज्ञान अथवा इंजीनियरिंग में स्नातक या समकक्ष होना चाहिये :-
प्राकृतिक विज्ञान (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणि शास्त्र), गणित, सांख्यिकी, भू-विज्ञान, कृषि, पर्यावरण विज्ञान, वानिकी, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा विज्ञान (वैटिनरी साइंस), कम्प्यूटर एप्लिकेशन/साइंस, इंजीनियरिंग (कृषि/रसायन/सिविल/कम्प्यूटर/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/मैकेनिकल) में स्नातक उपाधि धारण करता हो, या समतुल्य विदेशी अर्हता धारण करता हो, परंतु विशुद्ध गणित या सांख्यिकी के साथ स्नातक की दशा में उसने हायर सेकेण्डरी/मेट्रीकुलेशन या समतुल्य परीक्षा में निम्नलिखित विषयों में से कोई एक विषय लिया हो :-
01 जीव विज्ञान 02 भौतिक शास्त्र 03 रसायन शास्त्र

वन क्षेत्रपाल/परियोजना क्षेत्रपाल :-
उम्मीदवार के पास भारत में मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से विज्ञान/यांत्रिकी/कृषि/वानिकी में स्नातक उपाधि अथवा समतुल्य विदेशी अर्हता होनी चाहिये तथा (2) उसने स्नातक उपाधि में निम्नलिखित में से कम से कम एक विषय लिया हो :-
भौतिक शास्त्र/रसायन शास्त्र/प्राणी शास्त्र/वनस्पति शास्त्र/भू-गर्भ शास्त्र/गणित/सांख्यिकी/वानिकी/कृषि/उद्यानिकी/यांत्रिकी (सिविल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/केमिकल/इलेक्ट्रॉनिक/कम्प्यूटर)

03 वन विभाग, मध्यप्रदेश शासन ने अपने पत्र क्रमांक 389/2973/2020/10-1 दिनांक 21.02.2022 के द्वारा राज्य वन सेवा परीक्षा 2021 के पदों की शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार निर्धारित की गई है :-
विज्ञान/इंजीनियरिंग/तकनीकी की किसी भी शाखा में स्नातक उपाधि।

04 राज्य सेवा परीक्षा 2021/राज्य वन सेवा परीक्षा 2021 ऑनलाइन आवेदन करने की **अंतिम तिथि दिनांक 11.03.2022** निर्धारित की जाती है। ऑनलाइन आवेदन पत्रों में **दिनांक 13.03.2022 (रात्रि 12.00 बजे तक)** त्रुटि सुधार किया जा सकेगा।

05 जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में केवल राज्य सेवा परीक्षा हेतु आवेदन किया गया है तथा अब उपरोक्त संशोधित अर्हता की पात्रता अनुसार राज्य वन सेवा हेतु भी आवेदन करना चाहते हैं तो उन्हें पृथक से नवीन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे अभ्यर्थी अपने पूर्व में भरे गये आवेदन में ही तद्नुसार त्रुटि सुधार कर संशोधन कर सकते हैं।

06 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-23333/46729/2022 **सचिव**

SANSKAR COLLEGE
Affiliated to DAVV & Recognized by Govt. of M.P.
Running M.Com. , M.S.W. , B.J.M.C. , BBA, BCA, B.Com (Plain, Tax,Computer), B.A. (Journalism & Mass Communication), B.Sc.(CS), B.A. (plain)
PRINCIPAL : VACANCIES
PROFESSOR : Commerce / Computer / Management,
ASSOCIATE PROFESSOR : Commerce, Computer, Management,Physics, Mathematics, English, Hindi,
ASST. PROFESSOR : Journalism & Mass Communication
Social Work, History, Political Science, Sociology, Economics. And Clerk, Librarian, Sports Officer, Lab Asst. , Accountant, Peons.Qualification and pay scale as per state Govt. and UGC Norms.
Selection Under College Code 28
Apply within 15 days to the Director
Mehta
Office : 500/1 Dhar Road, Opp. Ramkrishna Bagh, Indore- 452002 (M.P.) Ph. : 7400740067- 68- 69
E-mail : principalofsanskar@gmail.com
R-46731/2022

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 30/2021-22, 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंहनगर, जिला-शहडोल का 50 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन एवं निर्माण कार्य (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_188370) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.04.2022 तक खरीद कर सायं 18:00 बजे तक** सब्मिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/103899/46730/2022 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड रायसेन

दूरभाष क्र. : 07482-222095, फैक्स क्र. : 07482-223388
ई-मेल : eephrai@nic.in

क्रमांक/962/लेखा./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/रायसेन दिनांक : 25.02.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

रायसेन जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत नलजल योजनाओं में नलकूप खनन कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 14.03.2022 शाम 17:30 बजे** है एवं संशोधन केवल वेवसाइट पर देखे जा सकेंगे।

क्र.	ऑनलाइन टेण्डर आई.डी. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत राशि (रु. में)
1.	2022_PHED_187239_1	77	रायसेन जिले के विकासखंड सांची/गैरतगंज के ग्रामों में 60 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	5779155/-
2.	2022_PHED_187240_1	78	रायसेन जिले के विकासखंड बेगमगंज/सिलवानी के ग्रामों में 60 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	5779155/-
3.	2022_PHED_187241_1	79	रायसेन जिले के विकासखंड औबेदुल्लागंज के ग्रामों में 60 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	5779155/-

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं
जी-23247/46716/2022 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रायसेन

स्कूल शिक्षा विभाग

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (म.प्र.)

राज्य शिक्षा केन्द्र
पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक/राशिके/NTSE-NMMSS/2022/508 भोपाल, दिनांक : 23.02.2022

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून प्रवेश परीक्षा जून 2022

1. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून, रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला अंतः सेवा शिक्षण संस्थान है यह कॉलेज 1922 में स्थापित हुआ था, इसका प्रमख लक्ष्य छात्र एवं छात्राओं को सम्पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।
2. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में आठवीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए छात्र एवं छात्राएं दोनों आवेदन करने के पात्र हैं। प्रवेश केवल आठवीं कक्षा में ही होता है। जनवरी 2023 के सत्र में प्रवेश के लिए परीक्षा, देश के चुनिन्दा शहरों में 04 जून 2022 (शनिवार) को आयोजित की जाएगी।
3. **आयु सीमा** : जनवरी 2023 सत्र में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार की आयु 01 जनवरी 2023 को $11^{1/2}$ वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02 जनवरी 2010 से पहले और 1 जुलाई 2011 के बाद नहीं होना चाहिए।
4. **शैक्षिक योग्यता** : राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जनवरी 2023 सत्र में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को प्रवेश के समय अर्थात 1 जनवरी 2023 को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा पास किया होना जरूरी है।
5. **परीक्षा की रूपरेखा** : परीक्षा की रूपरेखा इस प्रकार है :
   (क) **लिखित परीक्षा** : गणित, (09:30-11:00 बजे तक) और सामान्य ज्ञान (12:00-13:00 बजे तक) और अंग्रेजी (14:30-16:30 बजे तक) 04 जून, 2022 (शनिवार) को होगी।
   (ख) **मौखिक परीक्षा** : मौखिक परीक्षा की तारीख बाद में बताई जायेगी। मौखिक परीक्षा में परीक्षार्थी के बौद्धिक ज्ञान तथा व्यक्तित्व (पर्सनालिटी) का परीक्षण किया जायेगा। मौखिक परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों की होगी जो लिखित परीक्षा में पास होंगे। इस परीक्षा और साक्षात्कार के स्थान और समय की सूचना उम्मीदवारों को सितम्बर 2022 के पहले सप्ताह में राज्य शिक्षा विभाग द्वारा सूचित किया जायेगा।
   (ग) **स्वास्थ्य परीक्षण** : मौखिक परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को चुने हुए सैनिक अस्पतालों में स्वास्थ्य परीक्षण करवाना होगा। जिन उम्मीदवारों का स्वास्थ्य ठीक पाया जाएगा केवल उन्हीं को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में प्रवेश के लिए चुने जाने पर विचार किया जाएगा। उम्मीदवारों का स्वास्थ्य परीक्षण चयन प्रणाली का एक अंग है। इसका अर्थ यह नहीं लगाना चाहिए कि उम्मीदवार को अंतिम रूप से चुन लिया गया है। उम्मीदवार को तब तक अंतिम रूप से चुन लिया गया नहीं समझना चाहिए जब तक इस संबंध में प्रवेशाधिकार निर्देश जारी नहीं हो जाते हैं और उन्हें राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में दाखिले के लिए चुने जाने की सूचना नहीं मिल जाती है।
   (घ) केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चे, लिखित परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा संबंधित कर्मचारी की पोस्टिंग राज्य या मूल अधिवास राज्य में दे सकते हैं। उनके अधिवास राज्य का निर्धारण उनके मूल अधिवास राज्य के अनुसार होगा, एवं उनकी उम्मीदवारी भी उनके मूल अधिवास राज्य के अनुरूप होगी। आवेदन पत्र उसी राज्य में जमा करना अनिवार्य है, जहां से उम्मीदवार परीक्षा देना चाहता है।
   (ड़) मौखिक परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों की होगी जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे। इन उम्मीदवारों की सूची राज्य सरकारों को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज द्वारा भेजी जाएगी।
   (च) परीक्षा परिणाम आर.आई.एम.सी. की वेबसाइट **www.rimc.gov.in** में अपडेट होता है, जिसकी जांच करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।
6. **परीक्षा केन्द्र** : परीक्षा का केन्द्र म.प्र. राज्य के लिए प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल (पूर्व में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय) पी.जी.बी.टी. कैम्पस बैरसिया रोड, भोपाल पिन-462038 (फोन नं. 0755-2735228) होगा।
7. शुल्क-वार्षिक शुल्क सामान्य जाति के उम्मीदवारों के लिए रुपये 107500/- एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार के लिए रुपये 93900/- है जो की समय-समय पर बढ़ सकती है। प्रवेश के समय जमानत के रूप में 30,000/- रुपये जमा करने होंगे। यह राशि कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने के बाद वापस की जाती है।
8. **आवेदन पत्र** : आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रश्नपत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैन्ट देहरादून से प्राप्त कर सकते हैं :-

(क) **ऑनलाइन भुगतान के द्वारा** : आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र के एक सेट के लिए सामान्य जाति के उम्मीदवार रु. 600/- एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार 555/- आर.आई.एम.सी. की वेबसाइट **www.rimc.gov.in** से ऑनलाइन भुगतान करके भी प्राप्त कर सकते हैं। (भुगतान प्राप्त होने के बाद, आवेदन पत्र और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र स्पीड पोस्ट से भेजे जायेंगे।)

या

(ख) डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा आवेदन पत्र जारी और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र के एक सेट के लिए सामान्य जाति के उम्मीदवार रु. 600/- एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार 555/- का बैंक ड्राफ्ट कमांडेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के नाम से भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार के लिए जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट से भेजा जायेगा। आवेदक अपना पत्र व्यवहार का पूरा पता अंकित/हस्तलिखित रूप से अंग्रेजी में पोस्टल पिन कोड तथा फोन नंबर के साथ लिख कर भेजें। अपठनीय, अपूर्ण पता तथा डाक विलंब/नुकसान का उत्तरदायी राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून नहीं होगा।

नोट :

- केवल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज से प्राप्त आवेदन पत्र ही मान्य होंगे। बाजार में मिलने वाले या फोटोकॉपी किए गए तथा बिना होलोग्राम (मुहर) के आवेदन पत्रों की मान्यता नहीं होगी।
- आवेदन शुल्क की वापसी किसी भी दशा में नहीं होगी।

9. **दस्तावेज** : आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ जमा होगा।
   (क) जन्म प्रमाण-पत्र (नगर निगम, ग्राम पंचायत से)।
   (ख) मूल-नीवासी प्रमाण-पत्र।
   (ग) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र।
   (घ) प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत का मूल रूप से फोटो सत्यापित किय हुआ प्रमाण-पत्र।
   (ड) आवेदन पत्र के साथ उम्मीदवार का आधार कार्ड जमा करना अनिवार्य है और जमा न कर पाने पर उम्मीदवार का आवेदन पत्र पद कर दिया जायेगा।
   (च) दो पासपोर्ट आकार की फोटो।
10. **अंतिम तिथि** : आवेदन पत्र 25 अप्रैल 2022 तक अथवा उसके पहले उस आवेदन पत्र दो प्रतियों में भरकर मध्यप्रदेश राज्य के लिए प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल (पूर्व में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय) पी.जी.बी.टी. कैम्पस बैरसिया रोड, भोपाल पिन-462038 के पास पहुंच जाने चाहिए। राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून एवं राज्य शिक्षा केन्द्र को आवेदन पत्र न भेजें।

संचालक
जी-23101/46706/2022 राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

कार्यालय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, इन्दौर संभाग, इन्दौर

29/3 ओल्ड पलासिया इन्दौर (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/365/मबावि/आईसीडीएस/2022 इन्दौर, दिनांक : 22.02.2022

विज्ञप्ति

मानदेय आधारित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

इन्दौर संभाग के जिलों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई (मानसेवी) एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं के जिलेवार निम्नानुसार वर्तमान में रिक्त एवं आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों के लिये आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

स. क्र.	जिला	वर्तमान में रिक्त पद			आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पद			जिला कार्यालय का सम्पर्क नम्बर
		कार्यकर्ताओं के रिक्त पद	सहायिकाओं के रिक्त पद	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पद	कार्यकर्ताओं के रिक्त पद	सहायिकाओं के रिक्त पद	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त	
1.	इन्दौर	02	14	0	07	13	0	0731-2366058
2.	धार	20	18	02	34	49	01	07292-235066
3.	झाबुआ	04	08	01	15	29	01	07392-244397
4.	अलीराजपुर	11	13	04	05	19	02	07394-233131
5.	खरगोन	08	14	01	15	34	0	07282-232596
6.	खण्डवा	04	03	0	01	22	0	0733-2223794
7.	बड़वानी	15	20	0	08	16	0	07290-224445
8.	बुरहानपुर	04	04	0	06	09	0	07325-241495
	योग	**68**	**94**	**8**	**91**	**191**	**4**	

- महिला आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम, शहरी क्षेत्र में उसी वॉर्ड की निवासी होना अनिवार्य है।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिये जिस कैलेण्डर वर्ष में चयन किया जाना है उस कैलेण्डर वर्ष में 1 जनवरी को आवेदिका की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 से अधिक नहीं होना चाहिए।
- नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं/11वीं एवं आदिवासी क्षेत्रों में 10वीं/12वीं योग्यता होना आवश्यक है। शेष शासन निर्देशानुसार योग्यता रहेगी।
- आंगनवाड़ी सहायिका एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। शेष शासन निर्देशानुसार योग्यता रहेगी।
- संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन-पत्र मय आवश्यक सहपत्रों (जैसे- मार्कशीट, जाति, मूल-निवासी, विधवा/परित्यक्ता/बीपीएल कार्ड आदि) सहित जिले की संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में **दिनांक 21.03.2022 तक** कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में जमा कर प्राप्ति अभि-स्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं।
- जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आंगनवाड़ी सहायिका तथा मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक नियम/निर्देश आदि की जानकारी विभागीय वेबसाइट/ऑनलाइन पोर्टल, जिला कार्यालय एवं संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपलब्ध है।
- आंगनवाड़ी केन्द्रवार, ग्राम/वॉर्ड में वास्तविक रिक्त पद की जानकारी एवं नियम, निर्देश, शर्तें, आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- रिक्त पदों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय के दूरभाष नम्बर (जो विज्ञप्ति में प्रकाशित है) पर सम्पर्क किया जा सकता है।
- जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आंगनवाड़ी सहायिका एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि होना संभव है। परियोजना अंतर्गत अंतिम रूप से वास्तविक रिक्त पदों की संख्या एवं स्थान की जानकारी संबंधित परियोजना कार्यालय द्वारा ही सूचित की जायेगी।

संयुक्त संचालक
जी-23093/46705/2022 महिला एवं बाल विकास विभाग, इन्दौर संभाग, इन्दौर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, संभाग-ग्वालियर

माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आं.सू.क्र.- 08/2021-22/1089 भोपाल, दिनांक : 23.02.2022

निविदा आमंत्रण अल्प सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संभाग-ग्वालियर की ओर से निम्नलिखित जिलों के विभिन्न विकासखण्डों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों को हेल्थ एण्ड वेलनेस के रूप में सुदृढ़ीकरण/उन्नयन कार्यों हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से 03 लिफाफा एवं 02 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस दरों पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	निविदा क्रमांक	जिला का नाम	विकासखण्ड का नाम	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों को हेल्थ एण्ड वेलनेस की संख्या	अनुमानित लागत राशि रु. लाख में
1.	2022_DHS_186274	ग्वालियर	ग्वालियर	01	511.61
2.	2022_DHS_186275	मुरैना	अम्बाह, नूराबाद, जौरा, खडियार एवं पोरसा	05	37.17

(नोट :- टेण्डर क्रमांक 2022_DHS_186274 हेतु लिफ्ट के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा)
उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 25.02.2022 से 14.03.2022 समय 17.30 बजे** तक ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-23192/46714/2022 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-ग्वालियर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़

निविदा सूचना क्रमांक 17/निविदा/2021-22 **राजगढ़, दिनांक : 21.02.2022**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. बी.टी. रिनीवल कार्य तारागंज से बावडल्या, पाडल्यामाता से गुलावता उदनखेड़ी विश्राम गृह पहुंच मार्ग, आसारेटा मांग्याखेड़ी, पचोर, माचलपुर से रायपुरिया अमला मार्ग एवं सारंगपुर रोड क्वार्टर मार्ग कुल लम्बाई 20.60 कि.मी.

टेण्डर नं.	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि
2022_PWDRB_185733_1	राजगढ़	बी.टी. रिन्यूवल	द्वितीय	166.14	166140/-	4 माह वर्षाकाल रहित
स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. निर्माण कार्य सिमरोल से पतारी मार्ग लम्बाई 3.60 कि.मी.						
2022_PWDRB_185734_1	राजगढ़	निर्माण कार्य	प्रथम	415.84	415840/-	6 माह वर्षाकाल सहित
स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. निर्माण कार्य खजुरिया घाट से बारोल मार्ग लम्बाई 2.40 कि.मी.						
2022_PWDRB_185735_1	राजगढ़	निर्माण कार्य	प्रथम	215.75	215750/-	6 माह वर्षाकाल सहित
			योग	**797.73**		

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 08.03.2022 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन स्वीकार किये जावेंगे।

जी-23113/46708/2022 **कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें

पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन भोपाल (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 5/2021-22/301 **भोपाल, दिनांक : 23.02.2022**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र. की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **www.mptenders.gov.in** (Department : Directorate of Health Services) द्वारा निम्नानुसार :-

1. प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.आई.यू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युतीकरण हेतु एस.ओ.आर. 01.12.2020 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये संशोधनों सहित) पर तीन लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है।
2. संभाग अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं की सूची पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र में अंकित समान कार्य के अनुभव में प्री-फेब्रीकेटेड के कार्य करने का अनुभव ही मान्य होगा।

निविदा प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा आमंत्रण सूचना 5-23.02.2022

स. क्र.	टेन्डर आईडी	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2022_DHS_186574	भोपाल संभाग अंतर्गत 02 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनों एवं 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनों में प्री-फेब कोविड यूनिट के निर्माण कार्य।	48631000/- (रुपये चार करोड़ छियासी लाख इक्तीस हजार मात्र)	03 माह वर्षा ऋतु सहित

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 08.03.2022 सायं 05:30 बजे** निर्धारित है। धरोहर राशि **संचालक स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश** के पक्ष में देय हो मूलतः एवं अन्य अभिलेख कार्यपालन यंत्री, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल के कार्यालय में **दिनांक 09.03.2022 सायं 05:30 बजे** तक प्राप्त किये जावेंगे। तकनीकी एवं वित्तीय ऑफर निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यपालन यंत्री, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, पंचम तल 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल के कार्यालय में खोली जायेंगी। वितृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर अपलोड किये जायेंगे।

कार्यपालन यंत्री, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
जी-23102/46707/2022 **पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)**

विद्या भारती

सरस्वती विद्यापीठ आवासीय उ.मा. विद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.)

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल से मान्यता प्राप्त संस्था कोड 162025

आवश्यकता है

पद	योग्यता	वेतन
समूह 'क' (व्याख्याता) गणित-01, रसायन-01, कृषि विज्ञान-01, भौतिक विज्ञान-01	संबंधित विषय में स्नातकोत्तर बीएड अनिवार्य (न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक)	वेतनमान 8000-सा.प्र.अ.-240-9200-द.आ. -280-10600-द.आ.-320-12200-द.आ. -360-13640 (आवास भत्ता पृथक से देय) 02 वर्ष तक 8000/- प्रशिक्षु भत्ता दिया जावेगा।
समूह 'ख' (उच्च श्रेणी शिक्षक) विज्ञान-01, संस्कृत-01, हिन्दी-01, सामाजिक विज्ञान-01, गणित-01	स्नातक, बीएड अनिवार्य, (न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक)	वेतनमान 6000-सा.प्र.अ.-180-6900-द.आ. -210-7950-द.आ.-240-9150-द.आ. -170-10230 (आवास भत्ता पृथक से देय) 02 वर्ष तक 6000/- प्रशिक्षु भत्ता दिया जावेगा।
समूह 'ग' (शिक्षक) संगीत-01, कम्प्यूटर-01, अंग्रेजी (स्पोकन)-01, प्रयोगशाला सहायक-01 लायब्रेरियन-01	हायर सेकेण्डरी, सम्बन्धित विषय में डिप्लोमा या डिग्री (अनुभव को वरीयता)	वेतनमान 5000-सा.प्र.अ.-150-5750-द.आ. -175-6625-द.आ.-200-7625-द.आ. -225-8525 (आवास भत्ता पृथक से देय) 02 वर्ष तक 5000/- प्रशिक्षु भत्ता दिया जावेगा।
खेल शिक्षक-02 (हेण्डबॉल, बॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती)	संबंधित खेल में डिप्लोमा या डिग्री राष्ट्रीय खेल उपलब्धि एवं अनुभव को वरीयता	उपरोक्तानुसार

आलोक-01. आयु सीमा 31.12.2022 तक अधिकतम 40 वर्ष। 02. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 21 मार्च 2022 सायं 04 बजे तक है। 03. चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति उपरांत छात्रावास में रहना अनिवार्य होगा। 04. आवेदन पत्र शुल्क 100/- नगद जमा कर या डीडी 'सरस्वती विद्यापीठ उ.मा. विद्यालय शिवपुरी' के नाम से प्रेषित कर सरस्वती विद्यापीठ कार्यालय से प्राप्त करें, अधिक जानकारी हेतु हमारे कार्यालय दूरभाष पर सम्पर्क करें। 05. चयन के पश्चात सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण करना अनिवार्य होगा।

प्रबंधक
मोबा-प्रबंधक 9425429425, प्राचार्य 9425799647
आर-46721/2022 **कार्यालय - 9111105810, 9111105824, 9111105803**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग ग्वालियर - 474002

ई-मेल : eepwdnhgwl@gmail.com, फोन नम्बर : 0751-2452446

निविदा सूचना क्रमांक 19/व.ले.लि./टेण्डर/2021-22 **ग्वालियर, दिनांक : 21.02.2022**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 19 ग्वालियर दिनांक 21.02.2022 द्वारा प्रचलित पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 29.08.2017 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा, एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली निविदा में परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें पृथक से निविदा संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. रा.रा. 552 एक्सटेंशन में गोरस श्यामपुर मार्ग के कि.मी. 183, 224, 237 एवं 238 पर शोल्डरों का मरम्मत कार्य

ई-टेण्डर आई.डी. क्र.	अनुमानित लागत रु.	धरोहर राशि + निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2022_PWDRB_185832_1	17.29 लाख	34580/- + 2000/-	म.प्र. लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह
क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. रा.रा. 552 एक्सटेंशन में श्योपुर गोरस मार्ग के कि.मी. 159 से 161 तक शोल्डरों का मरम्मत कार्य				
2022_PWDRB_185833_1	17.61 लाख	35220/- + 2000/-	म.प्र. लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह
क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. रा.रा. 552 एक्सटेंशन में श्यामपुर सबलगढ़ मार्ग के कि.मी. 238 से 245, 247, 248 एवं 258 कुल लंबाई 11 कि.मी. में शोल्डरों का कार्य				
2022_PWDRB_185834_1	17.67 लाख	35340/- + 2000/-	म.प्र. लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह
क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. रा.रा. 552 एक्सटेंशन के टोंक सवाई माधौपुर (पाली) श्योपुर-पोरस-श्यामपुर, सबलगढ़ के कि.मी. 115, 119 एवं 164 कुल लंबाई 520 मीटर पर मेटल बीम क्रश बैरियर का कार्य				
2022_PWDRB_185835_1	17.71 लाख	35420/- + 2000/-	म.प्र. लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह
क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. रा.रा. 552 एक्सटेंशन के टोंक सवाई माधौपुर (पाली) श्योपुर-पोरस-श्यामपुर, सबलगढ़ के कि.मी. 117, 183, 195 एवं 197 कुल लंबाई 515 मीटर पर मेटल बीम क्रश बैरियर का कार्य				
2022_PWDRB_185836_1	17.54 लाख	35080/- + 2000/-	म.प्र. लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह
क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. रा.रा. 552 एक्सटेंशन के टोंक सवाई माधौपुर (पाली) श्योपुर-पोरस-श्यामपुर, सबलगढ़ के कि.मी. 204, 207, 216 एवं 219 कुल लंबाई 517 मीटर पर मेटल बीम क्रश बैरियर का कार्य				
2022_PWDRB_185837_1	17.61 लाख	35220/- + 2000/-	म.प्र. लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह
क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. रा.रा. 552 एक्सटेंशन में श्यामपुर सवलगढ़ मार्ग के कि.मी. 253 एवं 254 (कोंडे वीरपुर) में शोल्डरों का मरम्मत कार्य				
2022_PWDRB_185838_1	17.82 लाख	35640/- + 2000/-	म.प्र. लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह
क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. रा.रा. 552 एक्सटेंशन के पोरसा-अटेर-भिंड के भिंड शहर पर स्थित रेल्वे क्रॉसिंग के दोनों तरफ मार्ग चौड़ीकरण एवं डिवाइडर का निर्माण कार्य।				
2022_PWDRB_185839_1	17.76 लाख	35520/- + 2000/-	म.प्र. लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार	03 माह

निविदा आमंत्रण की सम्पूर्ण शर्तें एवं अन्य जानकारी का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर दिनांक 23.02.2022 समय प्रातः 10:30 से **दिनांक 11.03.2022 समय सायं 17:30 तक** देखी जा सकती है।
1. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा, सिर्फ वेबसाइट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-23123/46709/2022 **लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, संभाग ग्वालियर**

SAINIK SCHOOL, REWA (MP)

(functioning Under Sainik Schools Society, Ministry of Defence, New Delhi)

CORRIGENDUM

Following amendment is hereby published in respect of vacancies published on 24-30 Jan 2022 in Rojgar Aur Nirman, Bhopal :-

For	Read	Remark
Age (as on 22 Feb 2022)	Age (as on 22 Mar 2022)	Change in cutoff date for calculation of Age
22 Feb 2022	22 Mar 2022	Last date for submission of application

R-46717/2022 **PRINCIPAL**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय : खण्डपीठ ग्वालियर

निरस्तीकरण अधिसूचना

क्रमांक 1060/स्था./2022 **ग्वालियर, दिनांक : 03.03.2022**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर पर रसोइया, धोबी, माली, स्वीपर, भृत्य (चतुर्थ श्रेणी कलेक्टर रेट/आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों) एवं वाहन चालक/भृत्य (कलेक्टर रेट - संविदा) की सीधी भर्ती/नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किये जाने हेतु विस्तृत **विज्ञापन क्रमांक 2448/स्था./2020, दिनांक 08.06.2020 'रोज़गार और निर्माण'** समाचार-पत्र के दिनांक 15.06.2020 से 21.06.2020 के अंक में प्रकाशित किया गया था तथा म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.mphc.gov.in** एवं एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर भी जारी किया गया था और इस संबंध में संक्षिप्त विज्ञप्ति क्रमांक 2450/स्था./2020, दिनांक 09.06.2020 दैनिक समाचार-पत्र 'नई दुनिया' के दिनांक 15 जून, 2020 के अंक में प्रकाशित की गई थी।

इस संबंध में सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **उक्त विज्ञापन/भर्ती प्रक्रिया निरस्त कर** दी गयी है एवं परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों को वापस किया जायेगा। परीक्षा शुल्क वापसी हेतु एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से पृथक से कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

आर-46718/2022 **प्रिंसिपल रजिस्ट्रार**

मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी - महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक संवैधानिक/सांविधिक संस्थाएं

1. भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना कब हुई?
(अ) 15 अगस्त 1947
(ब) 26 जनवरी 1948
(स) 25 जनवरी 1950
(द) 19 जनवरी 1994

उत्तर - (स) 25 जनवरी 1950

व्याख्या - भारत निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकरण है। इसकी स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई। प्रारंभ में यह एक सदस्यीय निकाय था। 16 अक्टूबर 1989 से 1 जनवरी 1990 तक तीन सदस्यीय रहा। 1 अक्टूबर 1993 से आयोग में एक मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं दो अतिरिक्त निर्वाचन आयुक्त पदस्थ हैं। आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक आयोग और सदस्यों की शक्ति, कार्यकाल, पात्रता का उल्लेख है।

2. म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के किस अनुच्छेद के तहत की गई है -
(अ) 240 (ब)
(ब) 243 (ट)
(स) 243 (झ)
(द) 163

उत्तर - (ब) 243 (ट)

व्याख्या - 1994 को संविधान के अनुच्छेद 243 (ट) के तहत राज्य निर्वाचन आयोग गठित हुआ। आयोग में राज्यपाल द्वारा नियुक्त एक राज्य निर्वाचन आयुक्त होगा।
- म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के अधीन मई-जून 1994 में प्रथम बार त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं का निर्वाचन हुआ।

3. निम्न में से किसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है -
(अ) महाधिवक्ता
(ब) केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त
(स) राज्य मानवाधिकार आयुक्त
(द) उक्त सभी

उत्तर - (ब) केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त

व्याख्या - के. संथानम की अध्यक्षता वाली भ्रष्टाचार निवारण समिति की सिफारिश पर 1964 में केन्द्रीय सतर्कता आयोग का गठन किया गया। आयोग में एक अध्यक्ष व दो सतर्कता आयुक्त होते हैं जिनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

4. संविधान का अनुच्छेद 148 किससे संबंधित है?
(अ) CAG (ब) RTI
(स) NGT (द) ECI

उत्तर - (अ) CAG

व्याख्या - केन्द्र व राज्य स्तर पर पूरे देश की वित्तीय व्यवस्था प्रणाली को नियंत्रित/समीक्षा करने वाली संस्था नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। अनुच्छेद 148 CAG की नियुक्ति, शपथ और सेवा की शर्तों से संबंधित है।

5. राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष कौन थीं?
(अ) विभा पार्थसारथी
(ब) जयंती पटनायक
(स) मोहिनी गिरि
(द) रेखा शर्मा

उत्तर - (ब) जयंती पटनायक

व्याख्या - राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम 1990 के तहत जनवरी 1992 को प्रथम महिला आयोग गठित हुआ, जिसकी अध्यक्ष श्रीमती जयंती पटनायक थीं। 7 अगस्त 2018 से आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है। अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष नियत है।

6. निम्न में से सरकार का 'थिंकटैंक' किसे कहा गया है?
(अ) सूचना आयोग
(ब) नीति आयोग
(स) सतर्कता आयोग
(द) मानवाधिकार आयोग

उत्तर - (ब) नीति आयोग

व्याख्या - नीति आयोग सरकार के थिंकटैंक के रूप में सेवाएं प्रदान करता है। आयोग के पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। आयोग की शासी परिषद् में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और राज्य क्षेत्रों के उपराज्यपाल शामिल हैं। आयोग के वर्तमान उपाध्यक्ष श्री राजीव कुमार एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमिताभ कान्त हैं।

7. म.प्र. में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया -
(अ) 2008 (ब) 2018
(स) 2021 (द) 2022

उत्तर - (स) 2021

व्याख्या - सितंबर 2021 को म.प्र. में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग गठित किया गया जिसके अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन हैं। आयोग पिछड़ा वर्ग की सूची में जातियों को जोड़ने की अनुशंसा, पिछड़ा वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं की मॉनीटरिंग आदि कार्य संपादित कर सकेगा।
- म.प्र. में वर्तमान में कुल 91 जाति/उपजाति/वर्ग समूह पिछड़ा वर्ग घोषित हैं। पिछड़ा वर्ग की अनुमानित आबादी 50.25% है।

8. अनुच्छेद 338 'B' संबंधित है -
(अ) नीति आयोग
(ब) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
(स) राज्य निर्वाचन आयोग
(द) बाल संरक्षण आयोग

उत्तर - (ब) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

व्याख्या - विधेयक पारित करके केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग एक्ट 1993 को निरस्त किया गया। संविधान के 102वें संशोधन 2018 द्वारा अनुच्छेद 338'B' को शामिल किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग गठित करने का प्रावधान है। आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं तीन सदस्य होते हैं।

9. निम्न में से संवैधानिक निकाय नहीं है -
(अ) UPSC
(ब) CIC
(स) अनुसूचित जाति आयोग
(द) अनुसूचित जनजाति आयोग

उत्तर - (ब) CIC

व्याख्या - सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत वर्ष 2005 में केन्द्रीय सूचना आयोग (CIC) गठित किया गया। यह संवैधानिक निकाय नहीं है। आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त होता है और दस से अधिक सूचना आयुक्त नहीं हो सकते। आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है।

10. संविधान के अनुच्छेद 320 में किस आयोग के कृत्य वर्णित हैं -
(अ) नीति आयोग
(ब) महिला आयोग
(स) लोक सेवा आयोग
(द) पिछड़ा वर्ग आयोग

उत्तर - (स) लोक सेवा आयोग

व्याख्या - संविधान के अनुच्छेद 315 से 323 में लोक सेवा आयोग के विषय में विभिन्न प्रावधान वर्णित हैं। अनुच्छेद 320 में लोक सेवा आयोगों के कृत्य का उल्लेख है। अनुच्छेद 315 संघ और राज्यों के लिए लोक सेवा आयोग का प्रावधान करता है।

11. निम्न में से किस राष्ट्रीय संस्थान की एक शाखा भोपाल में अवस्थित है -
(अ) CVC (ब) NGT
(स) ECI (द) EOW

उत्तर - (ब) NGT

व्याख्या - राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एक्ट 2010 द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की स्थापना की गई। ट्रिब्यूनल की बैठक का मुख्य स्थान नई दिल्ली के साथ ही भोपाल, पुणे, कोलकाता तथा चेन्नई है। पर्यावरण के मामलों में द्रुत गति से पर्यावरणीय न्याय हेतु अधिकरण की स्थापना की गई है। अधिकरण के वर्तमान अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल हैं।

12. राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 118 (3) के तहत गठित संस्थान है-
(अ) म.प्र. लोक सेवा आयोग
(ब) म.प्र. मानवाधिकार आयोग
(स) म.प्र. राज्य सूचना आयोग
(द) म.प्र. विधानसभा

उत्तर - (अ) म.प्र. लोक सेवा आयोग

व्याख्या - राज्य पुनर्गठन एक्ट 1956 की धारा 118 (3) के तहत म.प्र. लोक सेवा आयोग गठित किया गया। इसके प्रथम अध्यक्ष डी.वी. रेगे (1956-57) थे। वर्तमान में आयोग के अध्यक्ष श्री राजेश लाल मेहरा हैं। MPPSC की पहली परीक्षा 1958 में आयोजित की गई थी।

13. निम्न में सांविधिक निकाय है -
(अ) राष्ट्रीय महिला आयोग
(ब) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
(स) राज्य निर्वाचन आयोग
(द) राज्य वित्त आयोग

उत्तर - (अ) राष्ट्रीय महिला आयोग

व्याख्या - राष्ट्रीय महिला आयोग एक्ट 1990 द्वारा जनवरी 1992 को गठित महिला आयोग एक वैधानिक (सांविधिक) निकाय है, अर्थात् इसका उल्लेख भारतीय संविधान के किसी अनुच्छेद में न होकर, केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियम बनाकर इसकी स्थापना की गई है।

14. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण एक्ट 2005 के तहत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग कब गठित हुआ?
(अ) 2005 (ब) 2006
(स) 2007 (द) 2008

उत्तर - (स) 2007

व्याख्या - वैधानिक निकाय बाल संरक्षण आयोग की स्थापना संसद ने 2005 के एक्ट के तहत की। इसका गठन मार्च 2007 में हुआ। प्रति वर्ष 20 नवंबर को बाल अधिकार दिवस मनाया जाता है।
- मध्यप्रदेश की बाल संरक्षण नीति 2020 में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को बालक (बच्चा) माना गया है।

15. म.प्र. खाद्य संरक्षण आयोग का गठन कब किया गया?
(अ) 2013 (ब) 2015
(स) 2016 (द) 2017

उत्तर - (द) 2017

व्याख्या - राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एक्ट 2013 के प्रावधान के अनुसार जुलाई 2017 को म.प्र. खाद्य संरक्षण आयोग गठित किया गया।

16. 89वां संविधान संशोधन अधिनियम 2003 के तहत गठित आयोग है -
(अ) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
(ब) सतर्कता आयोग
(स) पिछड़ा वर्ग आयोग
(द) बाल संरक्षण आयोग

उत्तर - (अ) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

व्याख्या - 89वां संविधान संशोधन 2003 के तहत 19 फरवरी 2004 को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अस्तित्व में आया। अनुच्छेद 338 में अनुसूचित जाति आयोग तथा अनुच्छेद 338 'क' में अनुसूचित जनजाति आयोग का प्रावधान किया गया है।

17. म.प्र. में 1998 में गठित आयोग है-
(अ) राज्य योजना आयोग
(ब) राज्य महिला आयोग
(स) राज्य वक्फ बोर्ड
(द) राज्य मानवाधिकार आयोग

उत्तर - (ब) राज्य महिला आयोग

व्याख्या - राज्य शासन द्वारा 23 मार्च 1998 को म.प्र. राज्य महिला आयोग एक्ट 1995 की धारा 03 के तहत राज्य महिला आयोग का गठन किया गया। आयोग सात सदस्यीय है जिसमें 06 सदस्य अशासकीय व एक सदस्य शासकीय है।

18. म.प्र. लोकायुक्त एवं उपलोकायुक्त एक्ट 1981 कब प्रभावी/प्रवृत्त हुआ?
(अ) 1981 (ब) 1982
(स) 1983 (द) 1984

उत्तर - (ब) 1982

व्याख्या - म.प्र. लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त एक्ट 1982 को प्रभावी हुआ। म.प्र. में वर्तमान में लोकायुक्त जस्टिस नरेश गुप्ता एवं उपलोकायुक्त जस्टिस यू.सी. माहेश्वरी हैं।

19. विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस कब मनाया जाता है-
(अ) 11 नवंबर (ब) 18 दिसंबर
(स) 4 दिसंबर (द) 10 दिसंबर

उत्तर - (ब) 18 दिसंबर

व्याख्या - राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा प्रति वर्ष 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एक्ट 1992 के तहत वर्ष 1993 में प्रथम वैधानिक राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग गठित किया गया। केन्द्र सरकार के द्वारा 06 धार्मिक समुदायों-मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, पारसी और जैन को अल्पसंख्यक घोषित किया गया है।

20. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के स्थान पर नवीन उपभोक्ता संरक्षण एक्ट कब प्रभावी हुआ -
(अ) 1999 (ब) 2020
(स) 2022 (द) 2005

उत्तर - (ब) 2020

व्याख्या - उपभोक्ता संरक्षण एक्ट-2019 को 20 जुलाई 2020 को लागू किया गया। इसके तहत केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसके नियम अनिवार्य हैं, सलाहकारी नहीं।
- राष्ट्रीय विवाद निवारण आयोग 02 करोड़ रुपये से अधिक की शिकायतों को सुनेगा। जिला विवाद निवारण में 50 लाख तक जबकि राज्य विवाद निवारण आयोग में 50 लाख से 02 करोड़ रुपये तक के धोखाधड़ी के मामले की सुनवाई हो सकेगी।

21. संविधान के अनुच्छेद 82 में किस आयोग के गठन संबंधी प्रावधान है?
(अ) नीति आयोग
(ब) विधि आयोग
(स) परिसीमन आयोग
(द) अल्पसंख्यक आयोग

उत्तर - (स) परिसीमन आयोग

व्याख्या - प्रत्येक जनगणना के बाद भारत की संसद द्वारा अनुच्छेद 82 के तहत एक परिसीमन एक्ट लागू किया जाता है तथा राष्ट्रपति द्वारा परिसीमन आयोग की नियुक्ति की जाती है।
- संविधान के 84वें संशोधन अनुसार वर्ष 2026 तक विधानसभा सीटों एवं लोकसभा सीटों का परिसीमन वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर ही रहेगा।

22. निम्न में से कौन एक कार्यकारी निकाय है -
(अ) विधि आयोग
(ब) महिला आयोग
(स) अजा आयोग
(द) उक्त सभी

उत्तर - (अ) विधि आयोग

व्याख्या - भारत सरकार के आदेश से गठित विधि आयोग एक कार्यकारी निकाय है। स्वतंत्र भारत का प्रथम विधि आयोग वर्ष 1955 में गठित किया गया। जिसके अध्यक्ष एम.सी. सीतलवाड़ थे। स्वतंत्र भारत में अब तक 22 विधि आयोग बन चुके हैं। स्वतंत्रता के पहले प्रथम विधि आयोग की स्थापना 1834 में हुई थी जिसके अध्यक्ष लॉर्ड मैकाले थे।

23. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक उद्घोषणा को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कब अंगीकृत किया?
(अ) 1948 (ब) 1938
(स) 1950 (द) 1945

उत्तर - (अ) 1948

व्याख्या - मानवाधिकारों की सार्वभौमिक उद्घोषणा को अंतर्राष्ट्रीय मैग्नाकार्टा भी कहा जाता है। इसमें कुल 30 अनुच्छेद हैं। अनुच्छेद 1 अनुसार "सभी मानव जन्मजात स्वतंत्र हैं और गरिमा एवं अधिकारों की दृष्टि में समान हैं।

24. म.प्र. पंचायती राज एक्ट 1993 को लागू किया गया?
(अ) 30 दिसंबर 1993
(ब) 25 जनवरी 1994
(स) 20 अगस्त 1994
(द) 2 अक्टूबर 1998

उत्तर - (ब) 25 जनवरी 1994

व्याख्या - संविधान के 73वें संशोधन एक्ट 1992 के अनुरूप प्रदेश में म.प्र. पंचायत राज एक्ट 1993 दिनांक 25 जनवरी 1994 को लागू हुआ।

25. म.प्र. में रेरा प्राधिकरण (RERA) कब गठित हुआ?
(अ) 2010 (ब) 2012
(स) 2016 (द) 2018

उत्तर - (स) 2016

व्याख्या - रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 भारत की संसद का एक एक्ट है। म.प्र. में रेरा नियम 22 अक्टूबर 2016 को अधिसूचित हुआ तथा 15 दिसंबर 2016 को रेरा (भू संपदा विनियामक) प्राधिकरण गठित हुआ।

- जितेन्द्र सिंह भदौरिया
(लेखक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधित लेखन करते हैं।)

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी

भारतीय राजव्यवस्था

1. संघीय संविधान समिति के अध्यक्ष कौन थे?
(अ) जवाहरलाल नेहरू
(ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(स) लियाकत अली
(द) सरदार पटेल
उत्तर- (अ) जवाहरलाल नेहरू

2. संविधान सभा द्वारा 'राष्ट्रीय ध्वज' को कब अपनाया गया था?
(अ) 21 जून, 1947
(ब) 22 जुलाई, 1947
(स) 3 मार्च, 1950
(द) 4 जून, 1950
उत्तर- (ब) 22 जुलाई, 1947

3. निम्न में से कौन प्रारूप समिति का सदस्य नहीं था?
(अ) के.एम. मुंशी
(ब) सैयद मोहम्मद सादुल्ला
(स) अल्लादी कृष्णस्वामी आयंगर
(द) बी.एन. राव
उत्तर- (द) बी.एन. राव

4. वित्तीय आपातकाल का संबंध संविधान के किस अनुच्छेद से है?
(अ) अनु. 268 (ब) अनु. 280
(स) अनु. 360 (द) अनु. 365
उत्तर- (स) अनु. 360

5. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अस्पृश्यता निवारण के प्रावधान दिए गए हैं?
(अ) अनु. 15 (ब) अनु. 17
(स) अनु. 29 (द) अनु. 35
उत्तर- (ब) अनु. 17

6. अनु. 30 के अंतर्गत किस प्रकार के अल्पसंख्यकों को अधिकार प्रदान किया गया है?
(अ) धार्मिक
(ब) आर्थिक
(स) धार्मिक या भाषायी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) धार्मिक या भाषायी

7. किस अनुच्छेद के तहत मौलिक अधिकारों के संरक्षण हेतु उच्चतम न्यायालय रिट जारी कर सकता है?
(अ) अनु. 32 (ब) अनु. 35
(स) अनु. 40 (द) अनु. 29
उत्तर- (अ) अनु. 32

8. मूल कर्तव्यों को संविधान में किस वर्ष जोड़ा गया?
(अ) 1965 (ब) 1970
(स) 1976 (द) 1980
उत्तर- (स) 1976

9. 11वीं अनुसूची के तहत संविधान में पंचायतों को कितने विषय प्रदान किए गए हैं?
(अ) 29 विषय (ब) 18 विषय
(स) 13 विषय (द) 20 विषय
उत्तर- (अ) 29 विषय

10. राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम कब अधिनियमित किया गया?
(अ) 1990 (ब) 1987
(स) 1985 (द) 2001
उत्तर- (ब) 1987

11. धन विधेयक को राज्यसभा द्वारा कितने दिन के भीतर विचारोपरांत लौटाया जाना चाहिए?
(अ) 14 दिन (ब) 28 दिन
(स) 3 महीने (द) 6 महीने
उत्तर- (अ) 14 दिन

12. विधानपरिषद के सदस्यों के निर्वाचन हेतु विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा कितने सदस्यों का चुनाव किया जाता है?
(अ) 1/6
(ब) 1/12
(स) 1/3
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) 1/3 सदस्य

13. किस अनुसूची के तहत केन्द्र व राज्यों के मध्य विषयों का बंटवारा किया गया है?
(अ) द्वितीय अनुसूची
(ब) सातवीं अनुसूची
(स) चौथी अनुसूची
(द) आठवीं अनुसूची
उत्तर- (ब) सातवीं अनुसूची

14. लोकलेखा समिति में लोकसभा से कितने सदस्यों का चयन किया जाता है?
(अ) 15 (ब) 7
(स) 22 (द) 20
उत्तर- (अ) 15 सदस्य

15. भारत की आकस्मिकता निधि का उल्लेख किस अनुच्छेद के तहत किया गया है?
(अ) अनु. 267 (ब) अनु. 265
(स) अनु. 268 (द) अनु. 266
उत्तर- (अ) अनु. 267

16. धन विधेयक के संबंध में निम्नलिखित तथ्यों में से कौन सा असत्य है?
(अ) इसे केवल लोकसभा में पुरः स्थापित किया जा सकता है।
(ब) इसे केवल मंत्री द्वारा पुरः स्थापित किया जा सकता है।
(स) इसे राज्यसभा अधिकतम 28 दिन के लिए रोक सकती है।
(द) इसे अध्यक्ष के प्रमाणन की जरूरत होती है।
उत्तर- (स) इसे राज्यसभा अधिकतम 28 दिन के लिए रोक सकती है।

17. उपराष्ट्रपति के चुनाव हेतु कौन शामिल नहीं हो सकता?
(अ) संसद के निर्वाचित सदस्य
(ब) संसद के मनोनीत सदस्य
(स) राज्य विधानसभाओं के सदस्य
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) राज्य विधानसभाओं के सदस्य

18. पुंछी आयोग के गठन का संबंध किससे है?
(अ) प्रशासनिक सुधार
(ब) संविधान समीक्षा
(स) केन्द्र-राज्य संबंध
(द) चुनाव सुधार
उत्तर- (स) केन्द्र-राज्य संबंध

19. अनु. 358 के तहत किस मौलिक अधिकार के अनुच्छेद के निलंबन से संबंधित है?
(अ) अनु. 18 (ब) अनु. 19
(स) अनु. 20 (द) अनु. 21
उत्तर- (ब) अनु. 19

20. केन्द्र, राज्य परिषद का गठन कब किया गया था?
(अ) 1980 (ब) 1990
(स) 1952 (द) 1995
उत्तर- (ब) 1990

21. शिक्षा के अधिकार को किस संविधान संशोधन के तहत जोड़ा गया?
(अ) 80वां (ब) 86वां
(स) 89वां (द) 91वां
उत्तर- (ब) 86वां

22. 'पूर्वी क्षेत्रीय परिषद' का मुख्यालय कहां स्थित है?
(अ) नई दिल्ली (ब) कोलकाता
(स) मुंबई (द) चेन्नई
उत्तर- (ब) कोलकाता

23. महाभियोग के दौरान राष्ट्रपति को कितने दिन का नोटिस दिया जाता है?
(अ) 14 दिन (ब) 28 दिन
(स) 60 दिन (द) 40 दिन
उत्तर- (ब) 14 दिन

24. प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों की कुल संख्या, लोकसभा की कुल संख्या के कितने प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए?
(अ) 20% (ब) 18%
(स) 16% (द) 15%
उत्तर- (द) 15%

25. संसद की दोनों सदनों की संयुक्त बैठक किसके द्वारा बुलाई जाती है?
(अ) प्रधानमंत्री
(ब) लोकसभा-अध्यक्ष
(स) राष्ट्रपति
(द) उपराष्ट्रपति
उत्तर- (स) राष्ट्रपति

26. राज्य में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की न्यूनतम संख्या कितनी होनी चाहिए?
(अ) 12 (ब) 14
(स) 16 (द) 18
उत्तर- (अ) 12

27. विधानपरिषद हेतु राज्यपाल कितने सदस्यों को नामित करता है?
(अ) 1/6 (ब) 2/3
(स) 1/3 (द) 1/12
उत्तर- (अ) 1/6

28. किस अनुच्छेद के तहत राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति का प्रावधान दिया गया है?
(अ) अनु. 200 (ब) अनु. 213
(स) अनु 218 (द) अनु. 226
उत्तर- (ब) अनु. 213

29. ग्राम न्यायालय अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया था?
(अ) 2006 (ब) 2008
(स) 2010 (द) 2012
उत्तर- (ब) 2008

30. कुछ राज्यों के लिए विशेष प्रावधान का उल्लेख संविधान के किस भाग में किया गया था?
(अ) भाग 20 (ब) भाग 22
(स) भाग 21 (द) भाग 17
उत्तर- (स) भाग 21

31. 371-एफ का संबंध किस विशेष राज्य हेतु है?
(अ) मिजोरम (ब) नागालैण्ड
(स) सिक्किम (द) आंध्रप्रदेश
उत्तर- (स) सिक्किम

32. भारतीय संविधान में 'प्रस्तावना में न्याय (सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक) का आदर्श' किस देश के संविधान से ग्रहण किया गया है?
(अ) सोवियत संघ (ब) फ्रांस
(स) कनाडा (द) ब्रिटेन
उत्तर- (अ) सोवियत संघ

33. भारतीय मूल संविधान किनके द्वारा हस्तलिखित किया गया था?
(अ) वसंत कृष्ण वैद्य
(ब) विउहर राममनोहर सिन्हा
(स) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा
(द) नंदलाल बोस
उत्तर- (स) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा

34. भारत शासन अधिनियम, 1935 के तहत् राज्य सूची में कितने विषयों का आवंटन किया गया था?
(अ) 59 विषय (ब) 54 विषय
(स) 55 विषय (द) 58 विषय
उत्तर- (ब) 54 विषय

35. केन्द्र व राज्य के बीच सामूहिक महत्व के विषयों की जांच व बहस के लिए 'अंतर्राज्यीय परिषद' का गठन कौन कर सकता है?
(अ) उच्चतम न्यायालय
(ब) संबंधित राज्यों के राज्यपाल
(स) राष्ट्रपति
(द) लोकसभा सदस्य
उत्तर- (स) राष्ट्रपति (अनु. 263 के तहत्)

36. भारतीय संविधान संशोधन में कौन से संशोधन को 'दल-बदल विरोधी विधि' के रूप में जाना जाता है?
(अ) 51वां संशोधन
(ब) 53वां संशोधन
(स) 52वां संशोधन
(द) 60वां संशोधन
उत्तर- (स) 52वां संशोधन

37. निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश के बिना अनुदान की मांग नहीं की जा सकती है?
(अ) प्रधानमंत्री
(ब) राष्ट्रपति
(स) वित्तमंत्री
(द) लोकसभा अध्यक्ष
उत्तर- (ब) राष्ट्रपति

38. पूर्ववर्ती योजना आयोग का गठन निम्नलिखित में से किसकी अनुशंसा से हुआ था?
(अ) राष्ट्रीय योजना समिति
(ब) गोरवाला समिति
(स) योजना सलाहकार बोर्ड
(द) संविधान सभा
उत्तर- (स) योजना सलाहकार बोर्ड

39. किन विधेयकों को संसद में रखे जाने से पूर्व राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त होनी आवश्यक होती है?
(अ) राज्यों के पुनर्गठन से संबंधित
(ब) उन करों से संबंधित विधेयक जिनके प्रति राज्य इच्छुक हो।
(स) व्यापार पर प्रतिबंध लगाने संबंधी राज्यों के विधेयक
(द) भारत की संचित नीति से व्यय संबंधी
उत्तर- (अ) राज्यों के पुनर्गठन से संबंधित

40. भारतीय राष्ट्रपति के 'वीटो का अधिकार' निम्नलिखित में किसका सम्मिश्रण नहीं है?
(अ) पॉकेट वीटो
(ब) एब्सोल्यूट वीटो
(स) सस्पेंसिव वीटो
(द) क्वॉलिफाइड वीटो
उत्तर- (द) क्वॉलिफाइड वीटो

41. मंत्रिपरिषद गठन शब्द का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
(अ) अनु. 74 (ब) अनु. 55
(स) अनु. 352 (द) अनु. 24
उत्तर- (अ) अनु. 74

42. भारतीय संविधान के निम्न में से कौन-से अनुच्छेद में 'बजट' शब्द का उल्लेख किया गया है?
(अ) अनु. 266 (ब) अनु. 112
(स) अनु. 265 (द) किसी में नहीं
उत्तर- (ब) अनु. 112

43. राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया में मताधिकार प्रयोग किनके द्वारा होता है?
(अ) संसद और राज्य विधानमंडलों के सदस्यों द्वारा
(ब) संसद और राज्य विधानमंडलों के चुने हुए सदस्यों द्वारा
(स) संसद और राज्य विधानसभाओं के चुने हुए सदस्यों द्वारा
(द) लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधान सभाओं के चुने हुए सदस्यों द्वारा
उत्तर- (स) संसद व राज्य विधानसभाओं के चुने हुए सदस्यों द्वारा

44. संविधान में मौलिक कर्तव्यों का समावेश निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश पर किया गया था?
(अ) शाह आयोग
(ब) प्रशासनिक सुधार आयोग
(स) संथानम आयोग
(द) स्वर्ण सिंह आयोग
उत्तर- (द) स्वर्ण सिंह आयोग

45. किस संविधान संशोधन में एक ही व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल बनाने संबंधी प्रावधान किया गया है?
(अ) चौथे संशोधन में
(ब) सातवें संशोधन में
(स) ग्यारहवें संशोधन में
(द) चौबीसवें संशोधन में
उत्तर- (ब) सातवें संशोधन में

46. नई अखिल भारतीय सेवा का प्रस्ताव निम्नलिखित में से किसके द्वारा अधिकृत किया जाता है?
(अ) राज्य सभा के प्रस्ताव द्वारा
(ब) संसदीय अधिनियम द्वारा
(स) राष्ट्रपति के आदेश द्वारा
(द) यू.पी.एस.सी. के द्वारा
उत्तर- (अ) राज्य सभा के प्रस्ताव द्वारा

47. पंचायती राज्य पर 73वें संशोधन के स्वैच्छिक उपबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सम्मिलित नहीं है?
(अ) पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के उपबंध करने हेतु
(ब) पंचायतों को आर्थिक विकास की योजना तैयार करने हेतु
(स) नगर पंचायतों का गठन
(द) करों, शुल्कों आदि के मामलों में पंचायतों को वित्तीय शक्ति देना
उत्तर- (स) नगर पंचायतों का गठन

48. भारत के संविधान में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का उल्लेख कहाँ है?
(अ) संविधान की उद्देशिका में
(ब) राज्य के नीति निदेशक तत्वों में
(स) मूल कर्तव्यों में
(द) नौवीं अनुसूची में
उत्तर- (ब) राज्य के नीति निदेशक तत्वों में

49. भारतीय शासन अधिनियम 1935 के द्वारा स्थापित संघ में अवशिष्ट शक्तियां किसे दी गई थीं?
(अ) संघीय विधान मंडल को
(ब) गवर्नर को
(स) प्रांतीय विधान मंडल को
(द) प्रांतीय राज्यपालों को
उत्तर- (ब) गवर्नर को

50. कौन से संविधान संशोधन में सिंधी को आठवीं अनुसूची में 15वीं भाषा के रूप में शामिल किया गया था?
(अ) 22वां (1969)
(ब) 21वां (1967)
(स) 19वां (1966)
(द) 23वां (1969)
उत्तर- (ब) 21वां (1967)

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

दूध उत्पादन एवं दूध प्रसंस्करण क्षेत्र में बनाएं कॅरियर

छोटे गांवों से लेकर बड़े शहरों के युवाओं के लिए डेयरी टेक्नोलॉजी में बहुआयामी रोज़गार के सरल मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

सरकार के द्वारा वर्ष 2022-23 के बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास एवं किसानों की पशुधन से आमदनी बढ़ाने के जो अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं, उनसे अब मध्यप्रदेश एवं देशभर में दूध उत्पादन एवं दूध प्रसंस्करण उद्योग के तहत तेजी से कॅरियर के मौके लगातार बढ़ने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है।

दूध उत्पादन बढ़ने से बढ़ गए हैं रोज़गार के बहुआयामी मौके

निःसंदेह दूध देश के करोड़ों लोगों के दैनिक जीवन का भाग है। दूध या

इससे बने विभिन्न उत्पादों दही, छाछ, लस्सी, पनीर, घी, मक्खन, आइसक्रीम, मिठाई आदि का उपयोग लगातार बढ़ने से इस क्षेत्र में रोज़गार के मौके तेजी से बढ़ रहे हैं। देश में वर्ष 2016 से लेकर 2021 तक दूध का उत्पादन 6.3 प्रतिशत बढ़ा है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। दुनिया का करीब 22 फीसदी दूध उत्पादन भारत में होता है। देश में दूध का उत्पादन वर्ष 2019-20 में 19.84 करोड़ मीट्रिक टन की ऊंचाई पर पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 406 ग्राम तक पहुंच गई है। दूध उत्पादन का वार्षिक मूल्य करीब 8.5 लाख करोड़ रुपये है। देश के करोड़ों लोगों की आजीविका पशुपालन से जुड़ी है। 2025 तक दूध प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाकर करीब 10.8 करोड़ टन करने का लक्ष्य रखा गया है।

दूध उत्पादन एवं डेयरी टेक्नोलॉजी से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रम

दूध उत्पादन एवं डेयरी उद्योग से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 12वीं कक्षा में पीसीएम, पीसीबी एवं पीसीए समूह होना लाभप्रद होते हैं। कुछ समय पहले तक डेयरी टेक्नोलॉजी पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन के पाठ्यक्रम का हिस्सा था, लेकिन अब इसमें विविधता आ चुकी है और ऐसे कई संस्थान स्थापित हो चुके हैं, जो डेयरी टेक्नोलॉजी के अंतर्गत डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं। कई कृषि विश्वविद्यालय बी.एससी. के स्तर पर डेयरी साइंस को एक वोकेशनल विषय के रूप में पढ़ाते हैं। डेयरी से संबंधित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत डेयरी टेक्नोलॉजी, डेयरी इंजीनियरिंग, डेयरी केमेस्ट्री, डेयरी माइक्रोबायोलॉजी, डेयरी इकोनॉमिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड मैनेजमेंट, डेयरी कैटल ब्रीडिंग एंड प्रोडक्शन, डेयरी कैटल फिजियोलॉजी, डेयरी एक्सटेंशन, डेयरी केटल न्यूट्रिशन आदि विषयों में शिक्षा एवं प्रशिक्षण दिया जाता है। डेयरी टेक्नोलॉजी में मुख्य रूप से बी.टेक., बी.एससी., एम.टेक., एम.एससी. स्तर के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। जबकि कुछ संस्थानों में डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं पीएच.डी. करने की भी सुविधा उपलब्ध है।

गौरतलब है कि बी.टेक. (डेयरी टेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रम की अवधि चार वर्ष निर्धारित है। एम.टेक., एम.एससी. पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्ष निर्धारित है। डिप्लोमा इन डेयरी इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मैट्रिक परीक्षा गणित एवं विज्ञान विषयों सहित उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वी.टेक. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु बारहवीं अथवा इंटरमीडिएट परीक्षा फिजिक्स, केमेस्ट्री तथा मैथ्स विषयों सहित उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जबकि बी.एससी. हेतु बारहवीं अथवा इंटरमीडिएट परीक्षा फिजिक्स, केमेस्ट्री तथा बायोलॉजी या एग्रीकल्चर समूह से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। एम.टेक. पाठ्यक्रम में बी.टेक. उत्तीर्ण छात्र प्रवेश ले सकते हैं। एम.एससी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु बी.एससी. (डेयरी टेक्नोलॉजी/फूड टेक्नोलॉजी/बायोटेक्नोलॉजी) उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। पीएच.डी. करने हेतु डेयरी टेक्नोलॉजी से संबंधित स्नातकोत्तर स्तर की डिग्री होना आवश्यक है।

कॅरियर से जुड़े डेयरी टेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश कैसे लें

डेयरी टेक्नोलॉजी सेक्टर से संबंधित विभिन्न संस्थान एवं विश्वविद्यालय नियमानुसार प्रवेश परीक्षा आयोजित करते

हैं। बीटेक (डेयरी टेक्नोलॉजी) कोर्स में दाखिले के लिए हर साल दिल्ली स्थित इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा कराई जाती है। देश के कुछ डेयरी टेक्नोलॉजी संस्थानों तथा कई कृषि महाविद्यालयों में 12वीं की मेरिट के आधार पर भी प्रवेश दिया जाता है।

दूध उत्पादन एवं डेयरी टेक्नोलॉजी से संबंधित बहुआयामी कॅरियर

डेयरी टेक्नोलॉजी के किसी उपयुक्त पाठ्यक्रम के अलावा कम पढ़े लिखे युवा भी इस क्षेत्र में काम करने का अनुभव लेकर या फिर सामान्य प्रशिक्षण लेकर अपनी मेहनत और क्षमता से इस क्षेत्र में कॅरियर और कमाई की ऊंचाई प्राप्त कर सकते हैं। डेयरी टेक्नोलॉजी का पाठ्यक्रम करने वाले युवाओं के द्वारा दूध उत्पादन और दूध वितरण का स्वरोज़गार सरलता से शुरू किया जा सकता है। ऐसे पाठ्यक्रम करने वाले युवाओं को डेयरी फर्म, डेयरी को-ऑपरेटिव, दूध उत्पादन प्रक्रिया आदि में रोज़गार मिल जाता है। क्वालिटी कंट्रोल विभाग भी डेयरी टेक्नोलॉजिस्ट की भर्ती करते हैं। कई डेयरी टेक्नोलॉजिस्ट अपने स्वतंत्र व्यवसाय जैसे लघु स्तरीय मिल्क प्लांट, क्रीम-आइसक्रीम प्लांट आदि को स्थापित कर सकते हैं और कई कंसल्टेंट के रूप में भी कार्य कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शिक्षण, शोध और विकास की भी व्यापक संभावनाएं हैं।

जो स्टूडेंट्स दूध उत्पादन एवं डेयरी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आने की रुचि, योग्यता एवं क्षमता रखते हैं, वे अपनी उपयुक्तता के अनुरूप मध्यप्रदेश या देश के किसी प्रमुख गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान का चयन करके इस क्षेत्र में बहुआयामी कॅरियर के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **वर्ष 2026 में किस देश में शीतकालीन ओलिंपिक खेल आयोजित किये जायेंगे?**
(अ) दक्षिण कोरिया
(ब) कनाडा
(स) डेनमार्क
(द) इटली

2. **वर्ष 2021 में किस भारतीय खिलाड़ी को वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया है?**
(अ) विराट कोहली
(ब) पी.आर. श्रीजेश
(स) नीरज चोपड़ा
(द) बजरंग पूनिया

3. **हाल ही में संन्यास लेने वाले क्रिस मॉरिस किस देश के क्रिकेटर रह चुके हैं?**
(अ) द. अफ्रीका (ब) इंग्लैंड
(स) वेस्टइंडीज (द) आयरलैंड

4. **एडिलेड इंटरनेशनल-2022 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग में चैम्पियन बने हैं?**
(अ) कारेन खाचानोव
(ब) गेल मोन्फिल्स
(स) टॉमी पॉल
(द) इनमें से कोई नहीं

5. **ऑस्ट्रेलियन ओपन-2022 में महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनी हैं?**
(अ) नाओमी ओसाका
(ब) इगा स्वितेक
(स) एश्ले बार्टी
(द) बारबोरा क्रेजिकोवा

6. **वर्ष 2021 में किस टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती है?**
(अ) तमिलनाडु (ब) कर्नाटक
(स) महाराष्ट्र (द) राजस्थान

7. **लियोनल मेसी ने कितने बार बेलोन डिओर अवॉर्ड जीता है?**
(अ) चार बार (ब) पांच बार
(स) छह बार (द) सात बार

8. **दिविज शरण किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) टेनिस (ब) टेबल टेनिस
(स) बैडमिंटन (द) स्क्वॉश

9. **न्यूजीलैंड के किस बल्लेबाज ने वन-डे क्रिकेट में दोहरा शतक बनाया है?**
(अ) केन विलियमसन
(ब) मार्टिन गुप्टिल
(स) ब्रैंडन मैक्कुलम
(द) जेसी राइडर

10. **एलिना स्वितोलिना किस देश की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी हैं?**
(अ) पोलैंड (ब) सर्बिया
(स) यूक्रेन (द) रोमानिया

11. **वर्ष 2010 में चीन के किस शहर में एशियन गेम्स आयोजित किए गए थे?**
(अ) बीजिंग (ब) ग्वांगझोउ
(स) होंगझोउ (द) शंघाई

12. **वन-डे अंतर्राट्रीय क्रिकेट में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं?**
(अ) कपिल देव
(ब) सुनील गावस्कर
(स) मोहिन्दर अमरनाथ
(द) दिलीप वेंगसरकर

13. **वर्ष 2021 में वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पुरुष एकल वर्ग में चैम्पियन बने हैं?**
(अ) विक्टर एक्सेलसन
(ब) किदांबी श्रीकांत
(स) लोह कीन येव
(द) केंटा निशीमोटो

14. **अर्जेंटीना ने किस वर्ष डेविस कप का खिताब जीता है?**
(अ) वर्ष 2010 (ब) वर्ष 2016
(स) वर्ष 2017 (द) वर्ष 2021

15. **इनमें से किस महिला क्रिकेटर को वर्ष 2021 में खेल रत्न पुरस्कार मिला है?**
(अ) मिताली राज
(ब) हरमनप्रीत कौर
(स) झूलन गोस्वामी
(द) इनमें से कोई नहीं

16. **वर्ष 2022 में किस ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी को एलेन बॉर्डर मेडल मिला है?**
(अ) मार्नस लाबुशेन
(ब) मिशेल स्टार्क
(स) मिशेल मार्श
(द) उस्मान ख्वाजा

17. **वर्ष 2013 में ऑस्ट्रेलिया ने किस देश को हराकर आईसीसी वूमेन क्रिकेट वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) द. अफ्रीका (ब) इंग्लैंड
(स) न्यूजीलैंड (द) वेस्टइंडीज

18. **इनमें से किस खिलाड़ी को भारतीय शतरंज टीम का मेंटर नियुक्त किया गया है?**
(अ) विश्वनाथन आनंद
(ब) गैरी कास्प्रोव
(स) कोनेरू हम्पी
(द) सर्गेई कर्जाकिन

19. **वर्ष 2019 में किस देश ने अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट जीता था?**
(अ) भारत (ब) द. कोरिया
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) कनाडा

20. **वर्ष 2018 में किस महिला खिलाड़ी ने वीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स खिताब जीता है?**
(अ) पी.वी. सिंधु
(ब) अकाने यामागुची
(स) ताई जू यिंग
(द) शी यूकी

21. **वर्ष 1996 में किस देश ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप का खिताब जीता है?**
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) श्रीलंका

22. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर कप्तान पांच हजार रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं?**
(अ) बेलिंडा क्लार्क
(ब) मिताली राज
(स) शार्लेट एडवर्ड्स
(द) सूजी बेट्स

23. **टोक्यो ओलिंपिक-2020 में जापान पदक तालिका में किस स्थान पर रहा था?**
(अ) पहले (ब) दूसरे
(स) तीसरे (द) पांचवें

24. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने कतर ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस जीती थी?**
(अ) मैक्स वर्स्टापेन
(ब) लुईस हैमिल्टन
(स) वाल्टेरी बोटास
(द) लेंडो नॉरिस

25. **भारत ने किस देश के खिलाफ अपना 1000वां वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला है?**
(अ) वेस्टइंडीज (ब) पाकिस्तान
(स) श्रीलंका (द) न्यूजीलैंड

उत्तर

1. (द), 2. (ब), 3. (अ), 4. (ब), 5. (स), 6. (अ), 7. (द), 8. (अ), 9. (ब), 10. (स), 11. (ब), 12. (अ), 13. (स), 14. (ब), 15. (अ), 16. (ब), 17. (द), 18. (अ), 19. (ब), 20. (अ), 21. (द), 22. (ब), 23. (स), 24. (ब), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

रवि दाहिया ने तुर्की में जीता स्वर्ण पदक

इस्तांबुल, भारत के दिग्गज पहलवान रवि दाहिया ने तुर्की में आयोजित यासर दोगू रैंकिंग सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। रवि ने टूर्नामेंट में 61 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा के फाइनल में उज्बेकिस्तान के पहलवान गुलाम जोन अब्दुल्ला को 11-10 से हराया। टूर्नामेंट में भारत के दीपक पूनिया ने 92 किलोग्राम भारवर्ग तथा अमन ने 57 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में कांस्य पदक जीते हैं। टूर्नामेंट के ग्रीको रोमन वर्ग में ज्ञानेंद्र ने भी भारत के लिये कांस्य पदक जीता। उल्लेखनीय है कि रवि दाहिया ने टोक्यो ओलिंपिक में भारत के लिये रजत पदक जीता था।

मीराबाई ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिये किया क्वालिफाई

सिंगापुर, भारत की अनुभवी महिला भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने इस वर्ष ब्रिटेन में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिये क्वालिफाई कर लिया है। मीराबाई ने सिंगापुर भारोत्तोलन इंटरनेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों का टिकट कटाया है। मीराबाई ने पहली बार किसी प्रतियोगिता में 55 किलोग्राम भारवर्ग में हिस्सा लिया। मीराबाई ने इस वर्ग में कुल 191 किलोग्राम (86 + 105 किलोग्राम) वजन उठाया। मीराबाई राष्ट्रमंडल खेलों में इसी भारवर्ग में उतरेंगी। उल्लेखनीय है कि मीराबाई चानू ने टोक्यो ओलिंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धा में 49 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीता था। मीराबाई राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक की दावेदार रहेंगी।

दबंग दिल्ली ने जीता प्रो कबड्डी लीग का खिताब

बेंगलुरु, दबंग दिल्ली ने देश की प्रसिद्ध कबड्डी लीग प्रो कबड्डी का खिताब अपने नाम किया है। दबंग दिल्ली ने टूर्नामेंट के फाइनल में तीन बार की चैंपियन पटना पायरेट्स को रोमांचक मुकाबले में 37-36 से हराया। दबंग दिल्ली ने पहली बार प्रो कबड्डी लीग जीती है। दबंग दिल्ली पिछले सत्र में उपविजेता रही थी। इस बार दबंग दिल्ली के जीत के हीरो नवीन कुमार और विजय मलिक रहे। विजय ने 14 और नवीन ने 13 अंक अर्जित कर परफेक्ट-10 लगाये, वहीं पटना पायरेट्स के लिये सचिन तंवर ने परफेक्ट-10 लगाया।

लिवरपूल ने जीता लीग कप का खिताब

लंदन, इंग्लैंड के दिग्गज फुटबॉल क्लब लिवरपूल ने इंग्लिश फुटबॉल लीग (ईएफएल) कप का खिताब अपने नाम किया है। लिवरपूल ने लंदन के वेम्बले स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में चेल्सी को पेनाल्टी शूट आउट में 11-10 से हराया। मैच में दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किये, लेकिन निर्धारित समय तक मैच गोल रहित रहा। इसके बाद मैच अतिरिक्त समय में गया। अतिरिक्त समय में भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। मैच में विजेता का फैसला पेनाल्टी शूट आउट से हुआ। पेनाल्टी शूट आउट में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शुरुआती 10 पेनाल्टी को गोल में तब्दील किया। इसके बाद पेनाल्टी शूट आउट में दोनों टीमों के गोलकीपर उतरे। लिवरपूल के गोलकीपर साओमहिन केलेहर ने पेनाल्टी पर गोल जमाने में कामयाब रहे, जबकि चेल्सी के केपा अरिजाबालगा गोल करने से चूक गये। इसी के साथ लिवरपूल ने खिताब अपने नाम किया।

भारत-श्रीलंका ट्वेंटी-20 सीरीज

भारत ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में दर्ज की लगातार 12वीं जीत

धर्मशाला, भारतीय क्रिकेट टीम ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना विजय अभियान लगातार जारी रखा है। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। ये ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की लगातार 12वीं जीत है। सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में भारत ने श्रीलंका को छह विकेट से हराया। इससे पहले भारत ने सीरीज का पहला मैच 62 रन से तथा दूसरा मैच सात विकेट से जीता था।

श्रीलंका ने तीसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने पहले ओवर में दनुष्का गुणातिलका को आउट कर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। आवेश खान ने पथुम निशांका और चरिथ असलंका को जल्द आउट कर श्रीलंका को बैकफुट पर धकेल दिया। श्रीलंका के 5 विकेट महज 60 रन के स्कोर पर गिर गये। इसके बाद दासुन शनाका ने तावड़तोड़ बल्लेबाजी की और चमिका करुणारत्ने (12) के साथ मिलकर छठे विकेट के लिये 47 गेंदों में 86 रनों की नाबाद साझेदारी की। शनाका ने 38 गेंदों में 74 रन बनाये। श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 146 रन बनाये।

- **रोहित शर्मा ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं।**
- **ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित ने 3313, मार्टिन गुप्टिल ने 3299 तथा विराट कोहली ने 3296 रन बनाये हैं।**
- **भारत ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में लगातार 12 मैच जीतकर अफगानिस्तान और रोमानिया की बराबरी की है।**
- **रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पांचवीं बार तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज क्लीन स्वीप की है।**

जीत के लिये मिले 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी भारतीय टीम की शुरुआत भी खराब रही। टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा जल्द ही पवेलियन लौट गये। इसके बाद संजू सैमसन (18) और श्रेयस अय्यर ने भारतीय पारी को संभाला। सैमसन के आउट होने के बाद श्रेयस ने दीपक हुड्डा (21) और रविन्द्र जडेजा (22) के साथ मिलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। श्रेयस ने नाबाद 73 रन बनाये। भारत ने 16.5 ओवरों में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली की अनुपस्थिति में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने वाले श्रेयस ने इस सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया और सीरीज में तीन मैचों में 204 रन बनाये।

शिवपुरी में खुलेगी शासकीय महिला क्रिकेट अकादमी

भोपाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रदेश की बेटियों के लिए महिला क्रिकेट अकादमी खोलने का निर्णय लिया है। देश की पहली शासकीय महिला क्रिकेट अकादमी शिवपुरी में खोली जाएगी। यह प्रदेश की 11वीं अकादमी होगी। अब तक मध्यप्रदेश में एथलेटिक्स, शूटिंग, घुड़सवारी, वाटर स्पोर्ट्स, मार्शल आर्ट, पुरुष हॉकी, महिला हॉकी, बैडमिंटन, तीरंदाजी और पुरुष क्रिकेट अकादमी संचालित है।

मध्यप्रदेश राज्य महिला क्रिकेट अकादमी के लिए 28 फरवरी से टैलेंट सर्च प्रारंभ किया गया। इसमें 14 से 21 साल की खिलाड़ी शामिल हुईं। अकादमी के लिए पहला टैलेंट सर्च 28 फरवरी और 1 मार्च को इंदौर में किया गया।

जून में आयरलैंड में ट्वेंटी-20 सीरीज खेलेगी टीम इंडिया

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम जून में आयरलैंड का दौरा करेगी। इस दौरे पर भारतीय टीम दो ट्वेंटी-20 मैच खेले जायेंगे। पहला मैच 26 जून और दूसरा मैच 28 जून को खेला जायेगा। ये दोनों मैच मलाहाइड में खेले जायेंगे। आयरलैंड के क्रिकेट बोर्ड ने यह जानकारी दी है। माना जा रहा है कि इस सीरीज में भारत की युवा टीम या दूसरे दर्जे की टीम भेजी जायेगी। इस सीरीज में रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जायेगा। इस दौरे के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट, तीन ट्वेंटी-20 और तीन वन-डे मैच खेलेगी।

मध्यप्रदेश की प्रज्ञा ने एशियन फेंसिंग चैम्पियनशिप में जीता रजत

ताशकंद, मध्यप्रदेश राज्य फेंसिंग अकादमी की तलवारबाज प्रज्ञा सिंह ने उज्बेकिस्तान में 24 फरवरी से 3 मार्च तक खेली गई एशियन फेंसिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक हासिल किया है। प्रज्ञा सिंह ने यह सफलता फेंसिंग की ईपी इवेंट में हासिल की है। उन्होंने फाइनल में उज्बेकिस्तान की खिलाड़ी के साथ खेलते हुए 45-36 के स्कोर पर रजत पदक हासिल किया।

प्रज्ञा सिंह अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक श्री भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में फेंसिंग खेल की बारीकियां सीख रही हैं। हाल ही में प्रज्ञा सिंह सीनियर ग्रांपी-2022 में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं।

खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रज्ञा सिंह की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा है कि फेंसिंग जैसे खेल में मध्यप्रदेश के किसान की बेटी ने रजत पदक हासिल किया है। यह गौरव का पल है। मध्यप्रदेश की बेटियों ने हर क्षेत्र में

अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन शानदार तरीके से किया है। खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रज्ञा सिंह और उनके प्रशिक्षक श्री भूपेन्द्र सिंह को इस सफलता के लिये बधाई दी।

निखत और नीतू ने स्ट्रैंजा मेमोरियल में जीते स्वर्ण पदक

सोफिया, भारतीय महिला मुक्केबाजों ने बुल्गारिया में आयोजित स्ट्रैंजा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। टूर्नामेंट में भारत की मुक्केबाज निखत जरीन और नीतू ने स्वर्ण पदक जीते हैं।

निखत ने तेलियाना को दी मात

टूर्नामेंट में भारत के लिये पहला स्वर्ण पदक निखत जरीन ने जीता। निखत ने महिलाओं की 52 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा के फाइनल में यूरोपीय चैंपियनशिप में तीन बार की मेडलिस्ट यूक्रेन की तेतियाना कोब को वेहद रोमांचक मुकाबले में 4-1 से हराया। मुकाबले में तेतियाना ने निखत को कड़ी टक्कर दी, लेकिन निखत ने उन्हें हावी नहीं होने दिया और मुकाबले के अंतिम क्षणों में शानदार पंच लगाकर अंक अर्जित किये।

नीतू ने इरिका को किया नॉक आउट

भारत की मुक्केबाज नीतू ने टूर्नामेंट में 48 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा के फाइनल में इरिका प्रिसियांडारो को नॉक आउट कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। प्रिसियांडारो

पूर्व युवा विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता हैं। नीतू ने प्रिसियांडारो को आसानी से 5-0 से मात दी। फाइनल मुकाबले में प्रिसियांडारो नीतू के सामने कोई भी चुनौती पेश नहीं कर पाई। टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाज नंदिनी भी पदक जीतने में कामयाब रहीं। नंदिनी ने 81 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता।

- **इस वर्ष भारत ने स्ट्रैंजा मेमोरियल टूर्नामेंट में 3 पदक जीते हैं।**
- **निखत जरीन इस टूर्नामेंट में दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय मुक्केबाज हैं।**
- **निखत ने वर्ष 2019 में भी इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था।**

मैक्सिकन ओपन

राफेल नडाल चौथी बार बने चैंपियन

एकापुल्को, स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल का वर्ष 2022 में शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। नडाल ने एक बार फिर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये मैक्सिकन ओपन का खिताब अपने नाम किया है। नडाल ने चौथी बार यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अपने नाम किया है। नडाल ने टूर्नामेंट के फाइनल में ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को हराया।

नडाल ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में रूस के डेनिल मेदवेदेव को हराया, जबकि नॉरी ने स्टेफानोस सितसिपास को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल की फॉर्म को नॉरी फाइनल में बरकरार नहीं रख पाये। अनुभवी नडाल ने नॉरी को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। नॉरी ने मैच के पहले सेट की शुरुआत में जल्द पाइंट अर्जित कर नडाल पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन नडाल ने संभलकर खेलते हुये नॉरी के आक्रामक खेल को

थामे रखा। इसके बाद नडाल ने पलटवार कर नॉरी की लय तोड़ी और सेट जीत लिया। दूसरे सेट में नडाल ने अपने प्रदर्शन को बरकरार रखते हुये नॉरी को आसानी से हराने में कामयाब रहे।

टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब स्पेन के फेलिसियानो लोपेज और ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास की जोड़ी ने जीता। लोपेज और सितसिपास की जोड़ी ने युगल वर्ग के फाइनल में आर्मेनिया के मार्सेलो अरेवलो और नीदरलैंड्स के जीन जुआन रोजर की जोड़ी को 7-5, 6-4 से हराया।

- **राफेल नडाल ने वर्ष 2005, 2013 और 2020 में भी जीता है मैक्सिकन ओपन।**
- **नडाल के नाम मैक्सिकन ओपन में सबसे युवा और सबसे बुजुर्ग चैंपियन होने का अनोखा रिकॉर्ड है।**
- **नडाल के अलावा थॉमस मस्टर और डेविड फेरर ने भी चार बार मैक्सिकन ओपन जीता है।**
- **यह नडाल के टेनिस कॅरियर का 91वां एटीपी खिताब है।**
- **हार्ड कोर्ट पर नडाल की यह 25वीं खिताबी जीत है।**
- **नडाल ने 30वीं बार कोई टूर्नामेंट बिना कोई सेट गंवाए जीता है।**
- **नडाल का वर्ष 2022 में यह तीसरा खिताब है।**

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को हराया

क्राइस्टचर्च, पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार के बाद दक्षिण अफ्रीका ने जबरदस्त पलटवार करते हुये दूसरे मैच में शानदार जीत दर्ज की है। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 198 रनों से हराया। इसके साथ ही दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई। दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 364 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के लिये सारेल इर्वी ने शतकीय पारी खेली। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने कोलिन डि ग्रैंडहोम के शतक की बदौलत पहली पारी में 293 रन बनाये। दूसरी पारी में काइल वराने के शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने 354 रन बनाये और न्यूजीलैंड के सामने 426 रनों का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 227 रन ही बना सकी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

राष्ट्रपति भवन प्रांगण में आरोग्य वनम् का उद्घाटन

राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में नवनिर्मित आरोग्य वनम् का उद्घाटन किया। 6.6 एकड़ क्षेत्र में फैले आरोग्य वनम् को योग मुद्रा में बैठे किसी मनुष्य के आकार में विकसित किया गया है। इसमें लगभग 215 प्रकार की जड़ी-बूटियां और औषधीय पौधे उगाये गये हैं, जिनका इस्तेमाल आयुर्वेद में चिकित्सीय उपचार करने के लिए किया जाता है। इस वनम् में पानी के फव्वारे, योग करने के लिए मंच, छोटे-छोटे जल मार्ग, कमल पुष्प का तालाब और एक दृश्य स्थल भी तैयार किया गया है। आयुर्वेदिक पौधों के महत्व और मानव शरीर पर उनके सकारात्मक प्रभावों को प्रचारित करने के उद्देश्य से इस आरोग्य वनम् की अवधारणा की कल्पना की गई है। यह वनम् अब आम जनता के दर्शन के लिए खुला रहेगा।

'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड'

पूरी दुनिया भारत को मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस के रूप में देख रही है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया। वेबिनार की थीम 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा और प्रतिभाशाली आबादी के जनसांख्यिकीय लाभांश, लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्राकृतिक संसाधनों जैसे सकारात्मक कारकों के बल पर हमें दृढ़ संकल्प के साथ मेक इन इंडिया की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होना चाहिए। उन्होंने जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट मैन्युफैक्चरिंग के अपने आह्वान का भी जिक्र किया जिसका उन्होंने लाल किले की प्राचीर से शंखनाद किया था। उन्होंने कहा कि अगर हम राष्ट्रीय सुरक्षा के परिदृश्य में देखें तो आत्मनिर्भर भारत और भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भारत को एक मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस के रूप में देख रही है। प्रधानमंत्री ने सेमी-

कंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे क्षेत्रों में नई मांग और अवसरों का उदाहरण दिया, जहां निर्माताओं को विदेशी स्रोतों पर निर्भरता को दूर करने की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी तरह, स्टील और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में भी स्वदेशी विनिर्माण के लिए ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि 'वोकल फॉर लोकल' का दायरा दिवाली पर 'दीया' खरीदने से कहीं आगे जाता है। उन्होंने निजी क्षेत्र से अपने मार्केटिंग और ब्रांडिंग प्रयासों में वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत जैसे कारकों को आगे बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा, 'अपनी कंपनी के उत्पादों पर गर्व करें और अपने भारतीय ग्राहकों में भी गर्व की भावना पैदा करें। इसके लिए कुछ साझा ब्रांडिंग पर भी विचार किया जा सकता है।' प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों के लिए नए गंतव्य खोजने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने निजी क्षेत्र को अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाने और अपने उत्पाद पोर्ट फोलियो में विविधता लाने और अपग्रेड करने का आह्वान किया। 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने के बारे में, प्रधानमंत्री ने कहा, 'दुनिया में बाजरा की मांग बढ़ रही है। विश्व बाजारों का अध्ययन करके, हमें अपनी मिलों को अधिकतम उत्पादन और पैकेजिंग के लिए पहले से तैयार करना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने खनन, कोयला और रक्षा जैसे क्षेत्रों के खुलने से नई संभावनाओं का जिक्र किया, प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों से नई रणनीति तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा, 'आपको वैश्विक मानकों को बनाए रखना होगा और आपको विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा में आगे भी निकलना होगा।'

(इजराइल ने)

नौसैन्य वायु रक्षा प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया

इजराइल ने कहा कि उसने एक नई नौसैन्य वायु रक्षा प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। सी-डोम को इजराइल की

- **'सी-डोम' प्रणाली 'आयरन डोम' का एक नौसैनिक संस्करण है, जिसका उपयोग पिछले एक दशक से गाजा पट्टी से दागे गए रॉकेटों को गिराने के लिए किया जाता रहा है।**

नवीनतम पीढ़ी के कार्वेट युद्धपोतों में लगाया जा रहा है, जो भूमध्य सागर में इजराइल की तटरेखा और अपतटीय प्राकृतिक गैस संपत्तियों की रक्षा करता है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि किए गए परीक्षण के जरिये रॉकेट, क्रूज मिसाइल

और ड्रोन सहित कई खतरों को परखा गया।

रक्षा मंत्री बेनी गैंट्स ने कहा, "इजरायल की बहु-स्तरीय मिसाइल रक्षा श्रेणी के तहत हम जो प्रणाली विकसित कर रहे हैं, वह हमें क्षेत्र में ईरानी प्रॉक्सी के खिलाफ काम करने और उनकी हथियार प्रणालियों से बचाव करने में सक्षम बनाता है, जिन्हें लगातार उन्नत किया जा रहा है।"

बाढ़ से ऑस्ट्रेलिया में भयावह हालात

ऑस्ट्रेलिया के क्वीसलैंड प्रांत में भारी बारिश से दर्जनों शहरों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। हजारों लोगों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है। बारिश में लगभग आठ लोगों की जान जा चुकी है। कई स्थानों पर चार से पांच फीट तक पानी भर गया है और लोगों को घरों की छतों पर शरण लेनी पड़ रही है। देश की तीसरी सबसे बड़ी ब्रिसबेन नदी उफान पर है, इससे बाढ़ के हालात और भयावह हो गए हैं। ब्रिसबेन शहर में बाढ़ से 15 हजार घरों को खतरा हो गया है।

(उत्तर कोरिया ने)

टोही उपग्रह में लगने वाले कैमरों की जांच की

उत्तर कोरिया ने कहा कि उसने टोही उपग्रह में लगाने के लिए कैमरों की जांच की है।

उत्तर कोरिया का यह बयान इस बात का संकेत देता है कि वह लंबी दूरी वाले रॉकेट के परीक्षण की योजना बना रहा है और इसके माध्यम से अपने हथियारों के जखीरे को आधुनिक बनाएगा। ज्ञात रहे कि उत्तर कोरिया पर ऐसे किसी भी परीक्षण पर प्रतिबंध लगा है।

'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि परीक्षण में टोही उपग्रह में लगने वाले कैमरे का परीक्षण भी शामिल था, जिसकी मदद से पृथ्वी के एक खास क्षेत्र की लंबवत

और तिरछी फोटो लेने का लक्ष्य है।

उसने कहा कि यह परीक्षण 'टोही उपग्रह के निर्माण में महत्वपूर्ण' है साथ ही उसने कोरियाई प्रायद्वीप की तस्वीरें भी जारी कीं जो अंतरिक्ष से ली हुई प्रतीत होती हैं।

अमेरिका-कनाडा सीमा पर पुल खुला

अमेरिका-कनाडा सीमा पर बना सबसे व्यस्त एंबेसडर पुल तकरीबन एक सप्ताह तक बंद रहने के बाद फिर से खुल गया। कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के खिलाफ प्रदर्शन के कारण यह पुल बंद कर दिया गया था। ब्रिज के मालिक 'डेट्रॉइट इंटरनेशनल ब्रिज कंपनी' ने एक बयान में कहा कि एंबेसडर पुल अब पूरी तरह खुल गया है। कनाडा और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक बार फिर से वाणिज्यिक सामान का मुक्त प्रवाह शुरू हो गया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को अपने पिकअप ट्रक और कार को हटाने के लिए मना लिया था जिसके बाद केवल कुछ प्रदर्शनकारी ही वहां मौजूद थे।

(यूक्रेन संकट)

रूस की योजना यूक्रेन सरकार को पंगु बनाने की - विशेषज्ञ

अमेरिका का मानना है रूस की रणनीति यूक्रेन सरकार को पूरी तरह पंगु करने की है। इसीलिए रूसी सेनाओं ने तीन तरफ से हमला कर राजधानी कीव को घेरने की योजना बनाई है। यह बात एक वरिष्ठ अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कही।

अधिकारी ने कहा कि रूसी सैन्य अभियान के शुरुआत में पता चल गया कि उसका मकसद सरकार को पंगु बनाना है। हालांकि अपने इस दावे के समर्थन में उसने कोई साक्ष्य नहीं दिया। अधिकारी ने कहा कि युद्ध के शुरुआती दौर में रूसी सेना ने कुछ घंटों में 100 से अधिक मिसाइलें दाग दीं। इनमें क्रूज मिसाइलें, सतह से हवा में

मार करने वाली और समुद्र से मार करने वाली मिसाइल शामिल थीं।

यूएन प्रमुख के तौर पर मेरे कार्यकाल का सबसे दुःखद क्षण - गुटेरस

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान की घोषणा किए जाने को 'अपने कार्यकाल का सबसे दुखद क्षण' करार दिया है। दूसरी तरफ सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों ने रूसी राष्ट्रपति की कार्रवाई को 'अकारण और अनुचित' बताते हुए इसकी आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि इस कदम का उद्देश्य नागरिकों की रक्षा करना है। गुटेरस ने कहा, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के मेरे कार्यकाल में यह दुखद क्षण है। मैंने सुरक्षा परिषद की इस बैठक की शुरुआत राष्ट्रपति पुतिन को संबोधित करते हुए और उन्हें यह कहते हुए की कि अपने सैनिकों को यूक्रेन पर हमला करने से रोकें और शांति का रास्ता चुनें।

यूक्रेन के लिए एनडीआरएफ ने भेजी राहत सामग्री

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने यूक्रेन के लिए राहत सामग्री भेजी है। एनडीआरएफ ने यूक्रेन के लोगों के लिए कंबल, स्लीपिंग मैट और सौर लैंप सहित अन्य राहत सामग्री भेजी है। ये राहत सामग्री पोलैंड और रोमानिया के लिए रवाना हुई भारतीय वायु सेना के जरिए भेजी गई है।

ऑस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए

ऑस्ट्रेलिया ने रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है और कारोबारियों को रूसी साइबर हमले के जरिए जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रहने को लेकर आगाह भी किया है। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने कहा कि लक्षित वित्तीय प्रतिबंध और यात्रा पाबंदी यूक्रेन के प्रति रूसी आक्रामकता के जवाब में पहली कार्रवाई होगी।

मॉरिसन की कैबिनेट में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने प्रतिबंधों और यात्रा बंदिशों को मंजूरी दी जो रूसी सुरक्षा परिषद के आठ सदस्यों को लक्षित करते हैं। ऑस्ट्रेलिया पिछले प्रतिबंधों का विस्तार करने तथा दो रूसी बैंकों को लक्षित करने के अमेरिका और ब्रिटेन की कवायद के साथ भी जुड़ने

- **ऑस्ट्रेलिया और रूस ने 2014 से एक-दूसरे पर प्रतिबंध लगाए हैं। यूक्रेन संघर्ष में रूस की भागीदारी के विरोध में ऑस्ट्रेलिया द्वारा प्रतिबंधों की शुरुआत की गई थी।**

पर सहमत हुआ है। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड की सरकार ने रूसी राजदूत जॉर्जी जुएव को शीर्ष राजनयिक अधिकारियों से मिलने के लिए बुलाया, जो रूस से यूक्रेन संकट को लेकर राजनयिक वार्ता पर लौटने का आग्रह कर रहे हैं।

न्यूजीलैंड की विदेश मंत्री नानैया महुता वर्तमान में देश से बाहर हैं, लेकिन एक बयान में कहा गया कि राजदूत को "हाल के दिनों में रूस द्वारा की गई कार्रवाइयों के लिए न्यूजीलैंड की कड़ी आपत्ति को दर्ज कराने और यूक्रेन क्षेत्र में रूसी आक्रमण की निंदा से अवगत कराने के लिए बुलाया गया। दक्षिण कोरिया का कहना है कि वह रूस के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में आर्थिक रूप से दबाव बनाने के अभियान में शामिल हो सकता है।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि सियोल अपनी संभावित कार्रवाइयों पर विचार कर रहा है लेकिन "सैन्य सहायता या सेना की तैनाती में शामिल नहीं होगा।" दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन संकट पर 'गंभीर चिंता' व्यक्त की और राजनयिक समाधान की मांग करते हुए पूर्वी यूक्रेन में शांति बहाल करने के उद्देश्य से संबंधित देशों से मिस्क समझौतों का सम्मान करने का आह्वान किया।

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने रूस और उसके द्वारा यूक्रेन के दो अलगाववादी क्षेत्रों की 'स्वतंत्रता' को मान्यता देने पर प्रतिबंधों की घोषणा की है। किशिदा ने कहा कि उनकी सरकार "यूक्रेन में रूस द्वारा की जा रही कार्रवाई" के जवाब में जापान में रूसी सरकार के बॉन्ड को जारी करने तथा इसके वितरण पर प्रतिबंध लगाएगी। उन्होंने कहा कि जापान यूक्रेन के दो अलगाववादी क्षेत्रों से जुड़े लोगों को वीजा जारी करना भी रोक देगा, जापान में उनकी संपत्ति पर रोक लगा देगा तथा दोनों क्षेत्रों के साथ व्यापार पर प्रतिबंध लगा देगा।

वियना परमाणु वार्ता में नहीं सुलझ सके प्रमुख मुद्दे - ईरान

ईरान ने कहा कि अमेरिका यदि तेहरान की मांग पूरी करने का राजनीतिक फैसला लेता है तो 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने का प्रयास सफल हो सकता है। महीनों से चला आ रहा समझौता ऐसे मोड़ पर आ गया है जिसे ईरान के एक राजनयिक ने 'अभी या कभी नहीं' कहा है। 10 महीने की बातचीत की विफलता से नया क्षेत्रीय युद्ध छिड़ने का खतरा बढ़ेगा और पश्चिम द्वारा ईरान पर और कठोर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि कहां तक प्रतिबंधों को वापस लिया जाएगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।